फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 72 संख्या: 138 प्रभात जयपुर, शनिवार 18 दिसम्बर, 2021 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत
Rashtradoot



ARBiT TODAY

**An Ant's Eye View of the Liberation War**

I have my log book in front of me, it mentions two transports were totally destroyed, in the other mission "targets hit but results not known".

**Gems & Jewellery Galore**



# राजघराने में आपसी समझौते के बाद जयमहल पैलेस देवराज और लालित्य कुमारी को मिलेगा

## सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता के बाद हुआ महत्वपूर्ण समझौता



*जयपुर राजघराने में सम्पति का विवाद और जयमहल पैलेस होटल के स्वामित्व का विवाद आपसी समझौते से 15 दिसम्बर को सलट गया है। समझौते के बाद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायधीश और मध्यस्थ व जस्टिस कुरिअन जोसफ (बैठे हुए बाँये से दूसरे) उनके पास बैठे हैं जयसिंह। खड़े हुए बाएं से दूसरे अजय सिंह, वकील संजीव सेन, देवराज सिंह, विजित सिंह, वकील अभिषेक राव, और ठाकुर हरीसिंह ।*

**-प्रकाश भण्डारी-**

जयपुर, 17 दिसम्बर। राजघराने के सदस्यों बीच लम्बे समय से चला आ रहा शहर के नामचीन पांच सितारा हैरिटेज होटल जयमहल पैलेस विवाद आपसी समझौते के बाद निपट गया है। जयमहल पैलेस, जिस पर स्वर्गीय महाराज पृथ्वीराज और उनके पुत्र विजित सिंह का आधिपत्य था, लेकिन अब इस समझौते के बाद इस बेहतरीन पैलेस होटल कर मालिकाना हक राजमाता गायत्री देवी के पौत्र देवराज सिंह और पौत्री लालित्य कुमारी के पास चला जाएगा। भविष्य में इस सम्पत्ति का संचालन और नियंत्रण अब स्वर्गीय सवाई मानसिंह और राजमाता गायत्री देवी के पुत्र स्वर्गीय जगतसिंह के पुत्र और पुत्री करेंगे।

उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय जगतसिंह सवाई मानसिंह और राजमाता गायत्री देवी की एकमात्र संतान थे। सवाई मानसिंह ने पचास वर्ष पूर्व जयमहल पैसेल का एकमात्र स्वामी जगतसिंह को बनाया था। यह महल उन्हें गिफ्ट किया था। जगतसिंह का विवाह थाईलैण्ड के राजपरिवार की प्रियनन्दना रंगसीत के साथ हुआ था जिससे दो संतानें देवराज सिंह और लालित्य कुमारी हुई। लेकिन जगतसिंह और रानी प्रियनन्दना के बीच अनबन के चलते तलाक हो गया था। विवाह के दौरान जगतसिंह प्रियनन्दना और उनके दोनों बच्चे लन्दन में ही रहते थे। लेकिन तलाक के बाद रानी प्रियनन्दना दोनों बच्चों को लेकर अपने देश थाईलैण्ड लौट गई और वह अपने दोनों बच्चों के साथ बैंकॉक में रह रही थी।

तलाक के बाद रानी प्रियनन्दना ने अपने पूर्व विवाह से उत्पन्न संतानों को जयपुर के राजपरिवार में उनके सम्पत्ति के अधिकार के लिए और उन्हें उनका हक दिलाने की लड़ाई लड़ी। इस लड़ाई में स्वर्गीय महाराजा सवाई भवानी सिंह ने उनका पूरा सहयोग दिया। भवानी सिंह के ठोस सहयोग के कारण देवराज सिंह और लालित्य कुमारी ने 15 वर्षों तक विभिन्न स्तर पर कानूनी लड़ाई

( शेष पृष्ठ 7 पर )



*लालित्य कुमारी और देवराज सिंह*



*जयसिंह (दाएं) और भतीजे*

## अमेठी

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में अपने निर्वाचन क्षेत्र अमेठी को केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के हाथों हारने के बाद वहां के दौरे पर सिर्फ एक ही बार गए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव अभियान की शनिवार से शुरुआत की और इसके लिए अमेठी का ही चयन किया है। कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणा की

- **राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी का यू.पी. का चुनाव अभियान शनिवार से ''जन जागरण पद यात्रा'' से शुरू करेंगे।**

कि राहुल शनिवार सुबह 11 बजे अमेठी जिले के जगदीशपुर से अपने

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# अमरिन्दर सिंह ने गजेन्द्र सिंह शेखावत के समक्ष चुनावी समझौते पर हस्ताक्षर किये

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह (79), जिन्हें सत्तारुढ़ कांग्रेस से अभी हाल ही में निष्काषित कर दिया गया था, ने शुक्रवार को अपनी नवगठित पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का चुनावी गठबंधन भारतीय जनता पार्टी से करने की घोषणा कर दी। उन्होंने अगले वर्ष के शुरु में होने वाले विधानसभा चुनावों गठबंधन की सुनिश्चित जीत का दावा किया।

पंजाब कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू (58) के साथ चल रही अधिकारों की लड़ाई में कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अपमानित कैप्टन ने कांग्रेस छोड़ दी थी तथा उसके बाद अब उन्होंने अपनी क्षेत्रीय पार्टी बना ली है। केन्द्रीय जल-शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, जो पंजाब के पार्टी प्रभारी के साथ सात चरणों के अंतिम एवं निर्णायक चरण की वार्ता के बाद, कैप्टन ने यहां उक्त घोषणा कर दी।

- **अमरिन्दर सिंह ने इस मौके पर दावा किया कि, यह चुनावी गठबन्धन आगामी चुनाव में जीत हासिल करेगा।**
- **पंजाब के पूर्व मु.मंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह को कांग्रेस ने पार्टी से निष्कासित किया था।**

उन्होंने कहा: ''मैं इस बात की पुष्टि कर रहा हूं कि पंजाब विधानसभा के आगामी चुनाव दोनों पार्टियां मिलकर लड़ेंगी। सीटों की हिस्सेदारी पर बाद में चर्चा होगी।''

इस महीने की शुरुआत में, अमरिंदर सिंह ने शिरोमणि अकाला दल (संयुक्त) के सुखदेव सिंह ढींढ़सा के नेतृत्व वाले गुट के साथ गठबंधन की सैद्धांतिक घोषणा भी की थी। ढींढ़सा 2010 से राजयसभा के सदस्य हैं। फिर उन्होंने कहा था कि वे ढींढ़सा, भाजपा तथा अपनी पार्टी से कहेंगे कि वे जिताऊ नेताओं का चयन करें तथा उन्हें अपना समर्थन एवं सहयोग प्रदान करें।

# भाजपा ने मैट्रो रेल-प्रोजैक्ट्स की बौछार लगा दी यू.पी.में

## कानपुर में आई.आई.टी. से मोतीझील, आगरा मैट्रो का 6 किलोमीटर रन, गोरखपुर में 15.4 किलोमीटर का मैट्रो रेल का टुकड़ा, बनारस में रेल मंत्रालय का रोप-वे प्रोजैक्ट

**- श्रीनंद झा -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। प्रमुख ट्रेनों पर ध्यान केन्द्रित करने के बाद नरेन्द्र मोदी सरकार चुनावों का सामना करने जा रहे उत्तर प्रदेश में मैट्रो रेल प्रोजैक्ट्स की घोषणा को लेकर अतिउत्साहित अंदाज में आगे बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नॉलजी से मोतीझील की 9 किमी दूरी को जोड़ने वाले कानपुर मैट्रो के पहले चरण पर 28 दिसम्बर को वाणिज्यिक संचालन का उद्घाटन करेंगे। इसके 6 किमी. लम्बे प्रमुख भाग को संचालित करने के लिए, जिसमें तीन एलिवेटेड और तीन अण्डरग्राउण्ड स्टेशन हैं, आगरा मैट्रो के अधिकारी कठिन परिश्रम कर रहे हैं। भारत के सार्वजनिक निवेश बोर्ड से अनापत्ति मिलने के बाद गोरखपुर में 15.4 किमी का मैट्रो लाइट रेल प्रोजैक्ट निर्मित करने के लिए 22 सौ करोड़ रुपये के प्रोजैक्ट को मंत्रिमण्डल की मंजूरी के लिए भेजा जा रहा है। मेरठ में भी अगले वर्ष दो मैट्रो लाइन्स को संचालित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में 424 करोड़ रुपयों की अनुमानित लागत से एक रोप वे शुरू करने के प्रस्ताव पर भी काम शुरू कर दिया गया है।

आंतरिक सर्वे की इन रिपोर्टों के बीच कि उत्तर प्रदेश के आगामी चुनावों में भाजपा की संभावनाएं उज्जवल नहीं हैं, पार्टी नेतृत्व ने हाल ही के दिनों में

- **यू.पी. में खस्ता हालात से घिरी भाजपा, कुछ धार्मिक और कुछ विकास के नारे को आधार बना रही है वोट बटोरने के लिये।**
- **एक चौंकाने वाला तथ्य है कि, 2012-17 तक अखिलेश के शासन में जी.डी.पी. ग्रोथ रेट राष्ट्रीय औसत से ज्यादा थी, और अब योगी आदित्यनाथ शासन में ग्रोथ रेट आधी रह गयी है।**

अपने चुनावी अभियानों में पूरा जोर लगा दिया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व के साथ एक हिन्दू धार्मिक अपील को विकास के जोश के साथ जोड़ दिया गया है। जैसी कि ''राष्ट्रदूत'' में पहले खबर दी जा चुकी है, केन्द्र सरकार भी उत्तर प्रदेश में कई रेल प्रोजैक्ट्स की घोषणा करेगी। देखा यह जा रहा है कि क्या अंतिम क्षणों में दिखाए गए विकास के जोश से भाजपा को मदद मिलेगी और योगी आदित्यनाथ सरकार सत्ता विरोधी मनोभावों पर पार पा सकेगी।

एक तथ्य, जिस पर ज्यादा बात नहीं हो रही है, यह है कि अखिलेश यादव के पूर्व के कार्यकाल (2012-17) के दौरान राज्य की जी.डी.पी. विकास दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा थी और योगी आदित्यनाथ के अधीन भाजपा शासन में रही जी.डी.पी. विकास दर की तुलना में लगभग दोगुनी थी। कोविड कुप्रबन्धन से लेकर बढ़ती कीमतें और बेरोजगारी से लेकर बिगड़ती कानून व्यवस्था योगी सरकार की मूलभूत कमियां रही हैं। वर्ष 2017 की स्थिति के विपरीत जातिगत समीकरण भी भाजपा के पक्ष में प्रतीत नहीं होते हैं। पार्टी की उम्मीदें अपनी ध्रुवीकरण की रणनीति और प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तिगत आकर्षण पर ही पूर्णतया निर्भर है। अत: उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुनावी संघर्ष मोदी बनाम अखिलेश में तब्दील होता नजर आ रहा है, जिसमें योगी आदित्यनाथ को एक साइड हीरो के तौर पर देखा जा रहा है।



## विचार बिन्दु

सच्चे वीर को युद्ध में मृत्यु से जितना कष्ट नहीं होता उससे कहीं अधिक कष्ट कायर को युद्ध के भय से होता है।

–भर्तृहरि

# किसान अन्नदाता है पर प्राणदाता नहीं

किसान आंदोलन को चलते-चलते एक वर्ष हो गया और इस आंदोलन ने कोरोना की अवधि में कोढ़ में खाज का काम किया है। एक तरफ केन्द्र सरकार 80 करोड़ देशवासियों को कोरोना के कारण मुफ्त राशन दे रही है और दूसरी ओर किसान अड़े बैठे हैं, देश का हज़ारों करोड़ का नुकसान कर के। संपन्न किसान स्वयं तो खेती करते नहीं, मज़दूरों से कराते हैं, जो उनका काम संभाल ही रहे हैं। आंदोलन उनके लिये एक राजनीतिक खेल है जिसे वे खेल रहे हैं। कनाडा आदि से ही नहीं कुछ अन्य देशों से भी विदेशी धन आता रहा है और ये विदेशी ताकतें विपक्ष की भूमिका निभा रही हैं। देश को अस्थिर करने के प्रयास होते ही रहते हैं। देश का विपक्ष भी इसका राजनीतिक लाभ उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। पाकिस्तान व खालिस्तान समर्थक नारे व झंडे भी मीडिया में आते रहे हैं। इस देश को इसी देश के रहने वाले कभी भी, किसी भी मुद्दे पर बंधक बना सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट भी मौन रहता है। कानून-व्यवस्था की बात को लेकर सरकार कार्रवाई करती है तो कभी वह प्रतिशोधात्मक हो जाता है या मानवाधिकार का उल्लंघन। किसान आंदोलन की ही तरह शाही बाग के सी.ए.ए. विरोधी आंदोलन में भी देहलीवासियों को शारीरिक, मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना दी। महिनों तक रास्ते बंद रहे, लोगों को घूम कर जाना पड़ता और कई बार जा ही नहीं पाते। व्यापार अवरुद्ध रहा, करोड़ों का नुकसान हुआ। हर ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरक़त निज़ामुद्दीन मरकज़, शाहीनबाग आंदोलन, किसान आंदोलन, गुर्जर, जाट और पटेल तथा मराठा आरक्षण आंदोलन देश को, उसके विकास को अवरुद्ध ही नहीं, पीछे धकेलते रहते हैं और विपक्ष इन सभी के साथ खड़ा हो जाता है, वह उचित हो या अनुचित। संसद में बहस नहीं होती, सड़क पर 'खेला' करके सड़कें जाम करने के आदी हो गये हैं हम। घर फूँक तमाशा देखने में विश्वास करते हैं हम।

पहला प्रश्न तो यही है कि क्या ये आंदोलनकारी वास्तव में किसान हैं? उनके रवैये से तो ऐसा नहीं लगता। उनकी कुछ ही नहीं सभी माँगें मान ली गईं तो उन्होंने माँगें और जोड़ दीं। उसके पूर्व वार्ता के कितने ही दौर हुए पर रुख आंदोलनकारियों का अड़ियल ही रहा। सारे देश में तो आंदोलन नहीं हुआ। क्या पंजाब और पश्चिमी यू.पी. के किसान ही किसान हैं? क्या कई किसान संगठनों ने इसका समर्थन नहीं किया? क्या उन्हें यह बिचौलियों से मुक्ति नहीं दिलाता था? क्या यह किसानों की संपन्नता की ओर कदम नहीं था? निश्चय ही इस बात की तो प्रशंसा करनी ही होगी कि सरकार ने आंदोलन से उत्पन्न अनेक परेशानियों के बावजूद असीम धैर्य रखा। किसान आंदोलन उग्र व हिंसक हुआ, लाल किले पर उन्होंने अप्रिय घटना की परंतु सरकार ने बल प्रयोग नहीं किया, हाँ सुरक्षात्मक कार्रवाई अवश्य की, जो आवश्यक थी। लखीमपुर खीरी की घटना में भी किसानों का उग्र प्रदर्शन अशोभनीय ही था और ऐसे उग्र प्रदर्शन में कई पक्षों की हानि होती ही है, जान की भी व माल की भी।

नवीनतम समाचारों के अनुसार किसानों की अतिरिक्त 6 मांगों को मान लेने पर भी किसान अड़े हुए हैं। द्रोपदी का चीर हो गया है, किसान आंदोलन। सरकार जितनी सहिष्णुता व उदारता दिखाती है, आंदोलन उतना ही उपसहिष्णु और स्वार्थी होता है। कारण स्पष्ट है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण ने द्रोपदी के सतीत्व की रक्षा के लिए चीर बढ़ाया और इस तथाकथित किसान आंदोलन में आंदोलन का चीर राजनेताओं ने पकड़ लिया है और वे वास्तव में सरकार का चीरहरण करना चाहते हैं। चीर हरण आंदोलन का नहीं सरकार को अस्थिर करने हेतु है।

**नवीनतम समाचारों के अनुसार किसानों की अतिरिक्त 6 मांगों को मान लेने पर भी किसान अड़े हुए हैं। द्रोपदी का चीर हो गया है, किसान आंदोलन। सरकार जितनी सहिष्णुता व उदारता दिखाती है, आंदोलन उतना ही उपसहिष्णु और स्वार्थी होता है।**

कोरोना की अवधि में सरकार के राजस्व की आय के साधन रहे नहीं। धरनों और आंदोलनों से टोल टेक्स की भी हज़ारों करोड़ की हानि हुई। पेट्रोल, डीज़ल का उत्पादन तेल उत्पादक देशों के कारण कम हुआ, लागत बढ़ी तो दाम भी बढ़ेंगे ही। साथ ही उसमें अधिकांश विपक्ष की सरकारों ने अपने टेक्स न घटाकर केन्द्र पर ही दोष मढ़ दिया। कोरोना की अवधि में आय न हो, कम ही कम हो तो महँगाई भी स्वाभाविक है। पेट्रोल-डीज़ल बचाने के तो जनता के पास विकल्प भी हैं। हाँ, उसका अप्रत्यक्ष प्रभाव अन्य वस्तुओं पर तो पड़ेगा ही। और उसको अतिरिक्त विपक्ष का असहयोग और मात्र आंदोलन को बढ़ावा और अब महँगाई के खिलाफ रैली। विपक्ष की सरकारों में तो जैसे सतयुग ही था और अब कलियुग आ गया है। यह हमारे देश की दुर्भाग्यपूर्ण परम्परा बन गई है कि विपक्ष हमेशा हर बात का विरोध ही करे, भले ही कोई मुद्दा देश के हित में ही क्यों न हो।

अधिकांश किसानों के खेतों में मज़दूर सहायता करते हैं, उनके बारे में कोई क्यों नहीं सोचता? अधिकांश राजनेताओं और उनके परिवार व सगे-संबंधियों के पास बड़ी-बड़ी ज़मीनें हैं। वे सबसे संपन्नतर होते जा रहे हैं और कृषि मज़दूर गरीब ही हैं। यह आंदोलन उन संपन्न किसानों का आंदोलन है। एम.एस.पी. (न्यूनतम समर्थन मूल्य) कुछ वस्तुओं-जिन्सों का हो सकता है, परंतु हर एक वस्तु या जिन्स का नहीं हो सकता और न होगा। अगर यह हो सकता है तो अभी तक हो जाता और वर्तमान विपक्ष की पूर्व सरकारों के समय क्यों नहीं हुआ? बाज़ार माँग व पूर्ति के आधार पर चलेगा ही। शीघ्र नष्ट होने वाली साग-सब्जियों, उनकी अच्छी-खराब फसल, आवश्यकता से अधिक या कम उत्पादन भी घटक बने रहेंगे। उपाय तो खाद, बीज, भंडारण की सुविधा व फसल बीमा आदि हैं, जो सरकार कर रही है।

हमें यह भी याद रखना होगा कि किसान अन्नदाता तो है पर वह प्राणदाता नहीं है। किसान महत्वपूर्ण है तो मज़दूर भी, शिक्षक भी और चिकित्सक भी, वैज्ञानिक भी और इंजीनियर तथा प्रशासक भी, उद्योग और व्यवसाय भी, अतः इस देश की प्रगति, विकास और आर्थिक उन्नति मात्र किसानों के बलबूते पर नहीं है। यूँ भी देश का परिदृश्य बदला है। कृषि के बजाय उद्योग-व्यवसाय का प्रतिशत बढ़ा है। कृषि भी स्वयं न करके मज़दूरी पर हो रही है। कृषि एक अतिरिक्त व्यवसाय के रूप में होता जा रहा है। औद्योगिक घराने, राजनेता व प्रशासक बड़ी-बड़ी ज़मीनें खरीदते हैं। कृषि पर दुनिया भर की सबसिडी खाद, बीज व अन्य सुविधाओं पर दी जा रही है। सहज ऋण व कम ब्याज ही नहीं ऋण माफी की लत भी सरकार ने किसानों को डाल दी है। नकद राशि भी उनके खाते में पहुँच रही है। और इस सबका सर्वाधिक लाभ संपन्न किसान, राजनेता और प्रशासक उठा रहे हैं। यह सब आंदोलन इन्हीं संपन्न किसानों द्वारा समर्थित है। क्या बड़े-बड़े किसानों की आय पर आयकर लगाना उचित नहीं है? यही इस सब खुराफात की जड़ है। जनता का एक वर्ग ऐसा भी है जो समझता है कि सरकार को कतई नहीं झुकना चाहिये था क्योंकि यह आंदोलन ही मूलतः किसानों का है ही नहीं। कई किसान संगठन इन कानूनों से संतुष्ट थे। सरकार का यह कथन सही हो सकता है कि वह अपना पक्ष पूरी तरह समझा नहीं पाई और यह भी कटु सत्य है कि नकारात्मक विपक्षी राजनीति में वह संभव होता भी नहीं है। सरकार की भारतीय लोकतंत्र की दुर्बलताओं के आगे निर्वाचन संबंधी कई मज़बूरियाँ भी हैं ही। एक पक्ष और है पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश मूलतः गेहूँ उत्पादक क्षेत्र हैं। इन किसानों पर इसी का उत्पादन बढ़ाने हेतु बल हो और वही उपज खरीदी भी जाय। फराली जलाने और प्रदूषण की समस्या हल हो जायेगी। भारत के हर क्षेत्र की अन्न उत्पादन की दृष्टि से अलग-अलग पहचान है। तटीय अधिक वर्षा वाले क्षेत्र चावल उत्पादन करते हैं। महाराष्ट्र में गन्ना उत्पादन प्रमुख रहा है। उत्तर प्रदेश भी गेहूँ, दालों व गन्ना के लिए प्रसिद्ध है। इसी प्रकार साग-सब्जियों, फल व अन्य जिन्सों के उत्पादन हेतु हमारे यहाँ अलग-अलग तरह की मिट्टी व जलवायु उपयुक्त है। उत्पादन भी बढ़ेगा और सारे देश के उत्पादन का अनुमान भी सरल होगा। होता यह है कि आलू महँगा बिक गया तो आलू और प्याज महँगा बिका तो प्याज बोना शुरू हो जाता है और फिर उत्पाद के ढेर सड़कों के किनारे सड़ते हैं। इस पर सुयोजित कार्य होना चाहिये। हमारे यहाँ तो स्वार्थ सर्वोपरि है। जो किसी बात का एक समय समर्थन करते हैं वे ही दूसरे समय उसका विरोध करने लगेंगे।

आशा करनी चाहिये कि राजनेताओं, सरकार व किसान सभी को सद्बुद्धि आयेगी और सभी मिल-बैठकर देश हित में सोचेंगे मात्र अपने-अपने निहित संकीर्ण स्वार्थ के लिये नहीं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**कैलाश विहारी वाजपेयी,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

# क्या शेयर बाजार कभी आम आदमी के निवेश की पहली पसंद बन पाएगा?

भारतीय शेयर बाजार अब तक आम भारतीयों के बीच अपनी विश्वसनीयता को स्थापित नहीं कर पाया है। नवंबर महीने में हुई वित्तीय उठापटक ने इस बात को फिर साबित किया है। आज भारतीय अर्थव्यवस्था विकास की जिस पगडंडी पर खड़ी है, वहां एक आम भारतीय के वित्तीय निवेश को पूंजी बाजार के माध्यम से कंपनियों की तरफ प्रवाह देना अत्यंत आवश्यक है। 90 के दशक के आर्थिक सुधारों के बाद निजीकरण के माध्यम से औद्योगिकीकरण व सर्विस सेक्टर ने अर्थव्यवस्था को आर्थिक विकास के एक नए स्तर पर पहुंचाया है। उसके परिणाम स्वरूप एक आम भारतीय के आर्थिक स्तर में काफी वृद्धि हुई थी।

एक तरफ जहां उसे रोजगार के नये अवसर मिले तथा वित्तीय आय भी लगातार बढ़ती चली गई। वहीं दूसरी तरफ उस की क्रय क्षमता भी लगातार बढ़ी। इस दौरान उसने वित्तीय निवेश की तरफ भी अपना मुख मोड़ा परंतु प्राथमिकता बैंकिंग को ही दी क्योंकि उसे वह सदैव सबसे सुरक्षित लगता है। यानी कि स्टॉक मार्केट वित्तीय निवेश के लिए एक आम भारतीय के लिए पसंद का स्थान नहीं रहा है।

90 के दशक के आर्थिक सुधारों के बाद से भारतीय शेयर बाजार ने ऐतिहासिक सफलताएं अर्जित की है। 30 वर्षों में मुंबई स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 60,000 का दायरा पार कर चुका है। शेयर बाजार की ये जबरदस्त सफलता प्रारंभिक स्तर पर हर किसी को यह विश्वास दिलाती है कि आम भारतीय अपने वित्तीय निवेश के लिए भारतीय शेयर बाजार को दिल से अपना रहा है। वास्तविकता में ये सच्चाई नहीं है। विभिन्न रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक 140 करोड़ की आबादी वाले भारत के मात्र 3 प्रतिशत व्यक्ति ही प्रत्यक्ष रूप से कंपनियों की इक्विटी शेयर कैपिटल में शेयर बाजार के माध्यम से निवेश करते हैं। इससे यह स्पष्ट है कि एक आम भारतीय शेयर बाजार को वित्तीय निवेश के लिए अपनी प्राथमिकता में नहीं रखता है। यह बात अर्थव्यवस्था के दीर्घकालीन आर्थिक विकास के लिए बड़ी घबराहट पैदा करती है क्योंकि अर्थव्यवस्था का विस्तार तभी हो पाएगा जब भारत की कंपनियों को विस्तार करने का मौका मिलेगा। देश के आर्थिक विकास व स्वयं की आर्थिक प्रगति के लिए एक आम भारतीय भी इस बात को समझता है कि कंपनियों के मुनाफे में वृद्धि अत्यंत आवश्यक है। इसके बावजूद वह शेयर बाजार को इसलिए प्राथमिकता नहीं देता है क्योंकि शेयर बाजार की उठापटक उसे सदैव आर्थिक नुकसान के लिए आशंकित करती रहती है।

वर्तमान वर्ष 2021 भारतीय शेयर बाजार के लिए बहुत आकर्षक रहा है। कोरोना के आर्थिक संकटों से उभरने के बाद जिस तरह से तेजी शेयर बाजार ने दिखाई उससे एक तरफ सरकार को भी आर्थिक सहारा मिला वहीं पर वित्तीय निवेशकों व आम आदमी ने भी यह समझा कि आर्थिक रूप से अर्थव्यवस्था सुरक्षित है। बड़ा आश्चर्य हुआ जब कोरोना की दूसरी लहर से निपटने के दौरान ही जुलाई के माह में शेयर बाजार में आईपीओ की झड़ी सी लग गई थी। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2007 के बाद पहली बार वर्ष 2021 में इतने ज्यादा आईपीओ भारतीय पूंजी बाजार में आये। इस दौरान निवेशकों ने भी खूब विश्वास रखा। परिणाम स्वरूप शेयर बाजार



डॉ. पी.एस. वोहरा

निवेशकों को अच्छा मुनाफा भी दे रहा था तथा ऐसा लग रहा था कि इससे एक आम भारतीय के बीच में विश्वसनीयता अब लगातार बढ़ेगी। नवंबर आते-आते यह विश्वसनीयता एकाएक फिर से धोखा दे गयी। एक आम भारतीय निवेशक फिर से शेयर बाजार में धोखा खा गया। यह बात नवंबर के महीने में मुंबई स्टॉक एक्सचेंज के सेंसेक्स की गिरावट व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में गिरावट से समझ आती है। एक नवंबर को सेंसेक्स 60138 पॉइंट पर बंद हुआ था वहीं पर यह 30 नवंबर को 57064 पर बंद हुआ अर्थात पूरे माह में सेंसेक्स 3074 पॉइंट गिरा। इसी दौरान 22 नवंबर की 1688 पॉइंट की गिरावट तो निवेशकों में हाहाकार मचा गई थी। इसी तरह एनएसई के निफ्टी में पूरे माह में 946 पॉइंट की गिरावट दर्ज हुई जबकि 22 नवंबर को यह भी 516 पॉइंट नीचे बंद हुआ था।

यह भी कितनी अजीब सी बात है कि जब इन बाजारों में गिरावट का दौर आता है तो विभिन्न नामी-गिरामी विशेषज्ञ उसे भारतीय शेयर बाजार की जरूरत बताते हैं क्योंकि वे मानते हैं कि कुछ कंपनियों के मूल्य बहुत ऊपर जा चुके थे इसलिए गिरावट स्वभाविक है। क्या इसे वो आम भारतीय समझ सकता है जिसने अपनी अर्थव्यवस्था में विश्वास रखते हुए अपनी छोटी-छोटी बचत को जोड़कर एक अच्छी लाभदायकता के लिए फिर से शेयर बाजार में निवेश किया था? नहीं, वो कभी नहीं समझेगा। विशेषज्ञ तो इस गिरावट में कई आर्थिक, सामाजिक, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को भी जोड़ देते हैं। परिणाम स्वरूप आम भारतीय अपने साथ हुए इस आर्थिक छलावे को अपना दुर्भाग्य मानता है।

इस पक्ष पर यह समझना भी अत्यंत आवश्यक है कि क्या भारतीय समाज में शेयर बाजार के प्रत्यक्ष निवेशक इसलिए बहुत कम है क्योंकि इस बाजार में सिर्फ नुकसान ही होता है। यह पूर्णतया गलत अवधारणा है। वह व्यक्ति जो निवेशक नहीं है उसे शेयर बाजार की ओर विश्वसनीयता के ना चलते इसमें वित्तीय निवेश करने से दूर रखती है।

अब अगर नवंबर माह की ही बात की जाए तो भारत के इन दिनों मशहूर स्टार्टअप पेटीएम जब आईपीओ के माध्यम से शेयर बाजार में आता है तो उसे निवेशकों के द्वारा खूब प्रोत्साहन मिलता है परंतु शेयर बाजार में यह कंपनी निवेशकों के भरोसे को बरकरार नहीं रख पाई तथा 22 नवंबर को हुई भयंकर गिरावट में एक बड़ा कारण भी साबित हुई। 2150 रुपए के प्रारंभिक मूल्य का एक शेयर मुंबई स्टॉक एक्सचेंज पर उन्नीस सौ 50 पर दर्ज हुआ जिसने निवेशकों को प्रति शेयर करीब 9 प्रतिशत का घाटा दिया। उस प्रारंभिक घबराहट के बाद पेटीएम का शेयर लगातार नीचे आता रहा तथा एक शेयर पर 400 का घाटा दे गया। इस दशा में आम आदमी के इस नुकसान का जिम्मेदार किसे ठहराया जाए। जबकि कुछ दिनों पूर्व ही एक और मशहूर स्टार्टअप जमाटो ने पहले दिन ही 52 प्रतिशत का मुनाफा दिया था।

भारतीय शेयर बाजार की विश्वसनीयता के संबंध में पूर्व अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री का वक्तव्य बड़ा खरा सा प्रतीत होता है कि शेयर बाजार के विकास को अर्थव्यवस्था के विकास के साथ नहीं जोड़ कर देखा जा सकता है। यह भी सच्चाई है कि जब शेयर बाजार ऊंचाई के रुख की तरफ होता है तो यह अर्थव्यवस्था में सकारात्मकता को दर्ज कराता है और वैश्विक निवेश के पक्ष पर भी यह एक प्रत्यक्ष आकर्षण का स्त्रोत होता है। जबकि शेयर बाजार में गिरावट का दौर होता है तो उसे कई दूसरे आयामों से भी जोड़ा जाता है जैसे कि नवंबर के माह में भी यह कहा गया कि कोरोना की पुनः वापसी, विदेशी निवेशकों की बिकवाली, कृषि दिनों की वापसी आदि कई ऐसे कारण थे जिनसे शेयर बाजार में गिरावट दर्ज हुई थी। विश्लेषणात्मक पक्ष को समझने वाला आम व्यक्ति तो यह समझ सकता है कि गिरावट सदैव नहीं रहती है गिरावट के बाद ऊंचाई है तथा ऊंचाई भी सदैव नहीं रहती है ऊंचाई के बाद फिर गिरावट है। लेकिन एक आम निवेशक इन बातों को कभी नहीं समझ पाता है तथा वित्तीय घाटा होने पर उसे भारतीय शेयर बाजार की विश्वसनीयता बहुत अखरती है इस कारण ही वह सदैव सुरक्षित वित्तीय निवेश को प्राथमिकता देने को सोचता है और उस दशा में बैंकिंग उसकी प्राथमिकता में सदैव रहता है।

**–डॉ. पी.एस. वोहरा**
**( शिक्षाविद, प्रखर चिंतक व लेखक )**

# पर्यटकों से गुलज़ार होंगे शेखावाटी विरासत स्थल

**रींगस,** (निसं)। शौर्य, शक्ति व भक्ति के प्रतिक शेखावाटी के कण कण में विरासत भरी पड़ी है। शेखावाटी की ऐतिहासिक विरासत धरोहर, भवन कला, भित्ति चित्र, हवेलियां, बावड़िया, किले, महल, तालाब, रमणीक स्थल सहित अनेक चीजों को संजो रखी हैं।

पूरे शेखावाटी में घूमने के लिए पर्यटकों को एक माह का समय भी कम पड़ता है। लेकिन कोरोना काल में पर्यटकों की कमी ने पर्यटन विभाग को फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया। पर्यटन विभाग ने इसी मौके का फायदा उठाते हुए पूरे शेखावाटी को देश विदेश तक विख्यात करने के लिए कमर कस ली है। यहां के किले, भवन, हवेलियां, भित्ति चित्र, महलों को लोकप्रिय बनाने के लिए देश के विख्यात ट्रेवल ब्लॉगरों के माध्यम से यहां की कला को पर्यटकों से रूबरू करवाने के लिए प्रचार-प्रसार की पहल की है।

पर्यटक विभाग की संयुक्त निदेशक अनु शर्मा के नेतृत्व में ट्रैवर्ल ब्लॉगरो की टीम ने पिछले दिनों शेखावाटी के अनेक शहरों का दौरा कर विरासतों का अवलोकन कर उनकी विशेषताओं का फिल्मांकन किया था। देशी-विदेशी पर्यटकों को लुभाने के लिए इन विशेषज्ञों को बुलाया गया। ब्लॉगर, राइटरों की टीम विरासतों की खूबियों को सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया में प्रचार प्रसार करेंगी। इसका फायदा यह होगा की शेखावाटी में देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा।

**शेखावाटी में दो दर्जन से अधिक पर्यटक स्थल :** शेखावाटी में भित्ति चित्रों से सुसज्जित कलात्मक हवेलियां, किले, महल, छतरियां, मंदिर हैं जिन्हें पर्यटक देख कर आश्चर्य में डूब जाते हैं। इन्हें पहचान दिलाने में पर्यटक विभाग ने पहल की है। नवलगढ, मण्डावा, रामगढ़ शेखावाटी, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, मुकुन्दगढ, छापर, डूंडलोद, अलसीसर, महनसर, मलसीसर, खेतड़ी, सिंघाना, सुजानगढ, लाडनू, सीकर चूरू, रतनगढ, सरदारशहर बगड़, चिड़ावा, राजलदेसर, सुजानगढ़, हर्ष, खण्डेला, सीकर, छापर आदि विख्यात पर्यटक स्थल है। इसके अलावा अनेक ऐसे गांव हैं जहां पर भी यह विरासतें भरी पड़ी हैं। पर्यटन विभाग के विरासत गांवों में पर्यटकों को लुभाने से यहां की आर्थिक स्थिति में इजाफा होगा।

**पेइंग गेस्ट योजना बढ़ाएगी आमदनी :** राज्य सरकार ने हाल ही में पेइंग गेस्ट योजना लागू की है। यहां भने कलात्मक भवन मालिक ऐसी ही योजना की कल्पना कर रहे थे ताकि उन्हें कागजी कार्यवाही कम करनी पड़े।

# गो संरक्षण के लिए साधु-संतों ने पदयात्रा निकाली



**भरतपुर में साधु-संतों की विशाल पदयात्रा का आयोजन किया।**

**भरतपुर,** (निसं)। गौ संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं शहर की जीवन दायनी नहर सुजान गंगा के संरक्षण को लेकर शनिदेव विकास समिति किला एवं सुजान गंगा बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में साधु-संतों की विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 600 साधु-संतों ने हिस्सा लिया।

सर्वप्रथम बड़े हनुमान जी मंदिर रुदावल के महंत श्री श्री 1008 बाबा राम दास महाराज के नेतृत्व में पद यात्रा का शुभारंभ किला स्थित बागड़ वाले हनुमान जी मंदिर से हुआ। यह पदयात्रा चौबुर्जा, लक्ष्मण मंदिर, कोतवाली, बासन गेट होकर सुजान गंगा नहर की परिक्रमा करते हुए शनि देव मंदिर पहुंची। शहर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर साधु-संतों का स्वागत किया।

# चाकसू में सरकारी स्कूल के खेल मैदान पर बजरी-पत्थर विक्रेताओं का कब्जा!

**चाकसू,** (निसं)। केंद्र एवं राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने, समुचित सुविधाएं एवं प्रशिक्षण प्रदान कर निखारने के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन कर रही है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पंचायत मुख्यालय स्तर पर सीनियर सेकंडरी स्कूल आरम्भ तो कर दिए गए लेकिन खेल मैदान उपलब्ध नहीं करवाए गये। अनेक जगह सरकार ने खेल मैदान के लिए भूमि आवंटित तो कर दी लेकिन विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही अथवा सरकार की उदासीनता के चलते आम लोगों ने अपने कब्जे जमा लिए। इनको खाली करवाने का साहस न तो प्रधानाचार्य ले रहे हैं और न ही जनप्रतिनिधि, हर एक के अपने-अपने स्वार्थ आहत होते लगते हैं। बालकों में आउटडोर गेम्स में रूचि उत्पन्न करने वाले शिक्षक ही नहीं रहे। कहने को तो सरकार ने विद्यालय में शारीरिक शिक्षक लगा रखे हैं लेकिन उनको अन्य कार्यों में व्यस्त रखा जा रहा है।

चाकसू में राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल का मुख्य सड़क किनारे, नगरपालिका कार्यालय के दक्षिणी दिशा में एक बेहतरीन खेल मैदान विरासत में मिला हुआ है। दुर्भाग्य यह रहा कि नगरपालिका प्रशासन ने इस मैदान को खेल मैदान रहने ही नहीं दिया। विभिन्न गतिविधियों का केंद्र बन कर रह गया। दशकों पहले शाम को इस मैदान पर फुटबॉल, वालीबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो के खिलाड़ियों की चहल-पहल रहा करती थी। सवेरे-सवेरे मॉर्निंग वाक करते वयोवृद्ध एवं अभ्यास करते युवा मिल जाते थे। वर्तमान समय में विद्यालय के शिक्षकों, प्रिंसिपल आदि की घोर उपेक्षा का शिकार यह खेल मैदान धीरे-धीरे सिकुड़ता जा रहा है। आसपास के व्यापारियों ने भवन-निर्माण सामग्री डालकर अपना धंधा शुरू कर दिया। किसी भी अधिकारी को रोकने-टोकने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई। हालात इतने बद से बदतर कर दिए कि नगरपालिका ने कस्बे में ही ही रोड निर्माण के लिए अपने ठेकेदारों को मैदान में मिक्सिंग प्लांट शुरु करने की इजाजत दे दी। मैदान की हालत यह है कि सुरक्षा दीवार के अभाव में यह मैदान बालकों के खेलने, अभ्यास करने अथवा मोर्निंग वाक करने लायक भी नहीं रहा। विगत बरसात में तो मनोहरा तालाब का अतिरिक्त पानी ही इसी मैदान को चीरता हुआ निकला है। अभी भी मैदान के बीच से आसपास के दुकानदारों का गंदा पानी बह रहा है। नगरपालिका की तरफ से बने शौचालय कबाड़ में तब्दील हो गए। राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य रामलाल मीणा, विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति को इतना समय तक नहीं मिल रहा कि विरासत में मिले इस मैदान की रक्षा एवं सुरक्षा कर बालकों को खेलने लायक मैदान सुलभ करवा दे। विधायक वेदप्रकाश सोलंकी कभी मिनी स्टेडियम की घोषणा करते हैं तो कभी सर्व सुविधायुक्त खेल स्टेडियम की। वास्तव में जमीन पर कुछ भी नहीं है।





**चाकसू सरकारी विद्यालय के खेल मैदान की दुर्दशा।बजरी पत्थर विक्रेताओं का हो रहा है कब्जा**

- **नगरपालिका ने भी अपने ठेकेदारों को मिक्सिंग प्लांट शुरू करने की इजाजत दे रखी है**
- **दशकों पहले इस मैदान पर फुटबॉल, वालीबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो के खिलाड़ियों की चहल-पहल रहा करती थी**

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### शनिवार 18 दिसम्बर, 2021

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2078, रोहिणी नक्षत्र दिन 1:48 तक, साध्य योग प्रातः 9:12 तक, वणिज करण प्रातः 7:25 तक, चन्द्रमा रात्रि 3:21 पर मिथुन राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-वृष, मंगल-वृश्चिक, बुध-धनु, गुरू-कुम्भ, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

रवियोग दिन 1:48 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 1:48 तक है। भद्रा प्रातः 7:25 से रात्रि 8:45 तक है। आज रोहिणी व्रत (जैन) है। आज चतुरदशी तिथि में वृद्धि होगी। आज चान्द पूर्णिमा व्रत, श्री दत्तात्रेय जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 8:31 से 9:44 तक, चर 12:23 से 1:41 तक, लाभ-अमृत 1:41 से 4:15 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:14, सूर्यास्त 5:32

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में योजना बनेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में सुख-सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

# सवाल यह है कि बचे दो साल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सत्ता की भागीदारी नसीब होगी?

## डोटासरा बोले : कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदारी दिलाना उनकी जिम्मेदारी

**जयपुर,** (का.प्र.)। सरकार के तीन साल पूरे होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि जिन कार्यकर्ताओं ने सत्ता दिलवाने का काम किया है अब उनको राजनीतिक नियुक्तियां दिलवाने का काम भी उनकी ही जिम्मेदारी होगी। अब देखना यह है कि सरकार के बचे हुए दो साल में क्या प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सड़क पर संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दिलवा पाने में सफल होते हैं या नहीं? हालांकि इसके विपरीत राजस्थान में पिछले तीन साल के दौरान कांग्रेस सरकार में कार्यकर्ताओं के बजाय राजनीतिक नियुक्तियों में अफसरों को नवाजने का काम ज्यादा हुआ है।

राजस्थान में कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने पर भी कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदारी नहीं मिलने की बाबत पूछे गए सवाल के जवाब में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत के चलते ही जयपुर में राष्ट्रव्यापी महारैली सफल हुई है। ऐसे में अब

- **इससे पहले तीन साल में कार्यकर्ताओं के स्थान पर अफसरों को नवाजने का काम खूब हुआ है**

मेहनती कार्यकर्ताओं की खाली झोली भी जल्द ही भरी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान भी इस काम को जल्द करने के लिए गंभीरता से काम कर रहा है। डोटासरा ने कहा कि मेहनती कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जल्द नियुक्तियां भी मिलेंगी और उनके काम भी सत्ता और संगठन में होंगे।

उन्होंने कहा की राजनीतिक नियुक्तियों के साथ ही संगठन का विस्तार, ब्लॉक अध्यक्ष, बचे हुए जिला अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी गठित करने का काम, प्रदेश कांग्रेस के प्रकोष्ठ के गठन का काम, निगम में नेता प्रतिपक्ष बनाने का काम समेत बीएलओ नियुक्ति का काम भी जल्द ही पूरा किया जाएगा। डोटासरा ने कहा कि वोटर लिस्ट अपडेट करने के लिए बीएलओ जल्द ही काम में जुट जाएंगे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति और सिद्धांत समझाने और प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से दक्ष नेता तैयार करने के लिए प्रदेश कांग्रेस तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जा रही है। हालांकि यह प्रशिक्षण शिविर पहले 17 ,18 और 19 दिसंबर को होना था लेकिन सरकार के 3 साल 17 दिसंबर को पूरे होने के चलते अब यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26, 27, 28 दिसंबर को जयपुर के बाड़ा पदमपुरा में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी अजय माकन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सचिन राव के साथ ही विशेषज्ञ और प्रशिक्षक दिल्ली से जयपुर पहुंचेंगे। इसमें शॉर्ट मूवी और अपने व्याख्यान के जरिए पार्टी की रीति नीति से कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में उन चयनित प्रदेश पदाधिकारियों, एआईसीसी मेंबर, पीसीसी मेंबर एवं अन्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा जो कांग्रेस की रीति नीति को आगे ले जाने के लिए पहले चयनित हो चुके हैं।

## एनर्जी कंजरवेसन के लिए होगा शोध व अनुसंधान : डॉ. अग्रवाल

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा और सी.एम.डी. राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान से राज्य में एनर्जी कंजरवेसन के लिए शोध व अनुसंधान करवाएगा। उन्होंने बताया कि एनर्जी कंजरवेसन आज और भविष्य की आवश्यकता है और इसके लिए निरंतर शोध व अनुसंधान जरुरी है।

ए.सी.एस. डॉ. अग्रवाल ने यह जानकारी राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के संचालक मण्डल की बैठक में दी। उन्होंने बताया कि अक्षय ऊर्जा निगम सामाजिक दायित्व को निभाते हुए कोरपोरेट सोशियल रेस्पांसबिलिटी के तहत कार्यों को भी विस्तारित करेगा। इसके तहत सी.एस.आर. में उपलब्ध राशि से स्वास्थ्य, शिक्षा व स्पोर्टस जैसी

- **'अक्षय ऊर्जा निगम की सी.एस.आर. गतिविधियां होगी विस्तारित'**

गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में सहयोग करेगा।

डॉ. अग्रवाल ने राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम को प्रदेश को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने पर बधाई देते हुए कहा कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि जहां देश में इस साल 7500 मेगावाट उत्पादन क्षमता विकसित हुई है वहीं राजस्थान में इस साल अब तक 2500 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित की जा चुकी है।

## हर मोर्चे पर विफल इस सरकार को उत्सव मनाने का कोई अधिकार नहीं : डॉ.पूनिया

**जयपुर।** प्रदेश सरकार के तीन साल पूरे होने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने सरकार पर निशाना साधा है। दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार के तीन साल के कार्यकाल में राजस्थान बेहाल हो गया है।

पूनिया ने कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। राजस्थान अपराधों की राजधानी बन चुका है। इस नकारा और भ्रष्ट सरकार को उत्सव मनाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में सर्वाधिक बेरोजगारी दर राजस्थान में है। राज्य सरकार ने जो भी नौकरी विज्ञिप्त जारी की वो या तो कोर्ट में या अफसरों की टेबल पर ही फंसकर

- **'राजस्थान में कानून व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है'**

रह गई है। हालत यह है कि आरपीएससी तो रिश्तेदार पब्लिक सर्विस कमीशन बन चुका है। पूनिया ने कहा कि राजभवन में दो-दो मुख्यमंत्रियों के नारे लगे। सचिवालय में कमरों को लेकर झगड़ा हुआ और घर के झगड़ों का असर जनता पर पड़ा है। इस झगड़े के कारण सरकार 40 दिन से ज्यादा बाड़े में बंद रही। प्रदेश की जनता 2023 में राज्य सरकार को जवाब देगी और इस पार्टी में टेम्पो में जाने लायक विधायक भी नहीं जीतेंगे।

पूनिया ने कहा कि कांग्रेस महंगाई की बात करती है लेकिन सबसे महंगी बिजली और पेट्रोल डीजल राजस्थान में ही है। प्रदेश की जनता कांग्रेस के शासन से त्रस्त है। पूनिया ने कहा कि बीते 3 साल में 6 लाख से अधिक मुकदमे दर्ज होना इस बात की बानगी है कि राजस्थान अपराधों की राजधानी बन गया है। पांच हजार से अधिक बलात्कार और गैंग रेप की घटनाएं हुई। 20 हजार से अधिक दलित और वंचित लोगों पर अत्याचार की घटनाएं बता रही है कि राजस्थान में कानून व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है।

## जयपुर म्यूजिक स्टेज 2022 के सुरों का ऐलान

**जयपुर,** (का.सं.)। जब जयपुर में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 15वें संस्करण की गहमागहमी जोरों पर है, तब 'धरती के सबसे बड़े लिटरेरी शो' के समानांतर चलने वाले जयपुर म्यूजिक स्टेज ने अपने शानदार सितारों से सजे प्रोग्राम की घोषणा की।

इंडिया के दिल, जयपुर में होने वाले जयपुर म्यूजिक स्टेज में समस्त भारत के कलाकार हिस्सा लेकर यहाँ के सुर और इतिहास की अद्भुत धारा को प्रस्तुत करेंगे। जयपुर म्यूजिक स्टेज 2022 सुरों की ऐसी वैविध्य और संपन्न विरासत को साझा करने वाला एकमात्र शो है। फेस्टिवल के प्रोग्राम में लोकप्रिय भारतीय कलाकार और बैंड शामिल हैं।

## प्रदेश में और व्यापक होगा सुशासन का दायरा : सीएम

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सुशासन राज्य सरकार का मूलमंत्र रहा है। आने वाले समय में गुड गवर्नेन्स के दायरे को हम और व्यापक बनाएंगे।

गहलोत शुक्रवार को शासन सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी

- **'सभी अधिकारी अपने अनुभव और सेवा-भाव के साथ पूरी निष्ठा से कार्य करें'**

विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुड गवर्नेन्स और आमजन को बेहतर सर्विस डिलीवरी पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी, आर्थिक बाधाओं एवं अन्य प्राकृतिक



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को शासन सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुड गवर्नेन्स और आमजन को बेहतर सर्विस डिलीवरी पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य सचिव निरंजन आर्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आपदाओं सहित तमाम चुनौतियों के बावजूद राज्य सरकार ने एक से बढ़कर एक कल्याणकारी फैसले लिए और उन्हें पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने अनुभव और सेवा-भाव के साथ पूरी निष्ठा से कार्य करें ताकि सुशासन का हमारा संकल्प पूरी तरह साकार हो। बैठक में विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं शासन सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सुशासन को लेकर अपने सुझाव दिए।

## प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में कमी आई

### राज्य में शुक्रवार को 16 नए संक्रमित मिले, इससे पहले गुरूवार को 26 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण से फिर एक और मरीज की मौत हुई है। इसके साथ ही पिछले पांच दिन में करोना से 4 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 16 नए संक्रमित मिले हैं। इस बीच प्रदेश में रिकवरी में सुधार होने से एक्टिव केस घटकर 259 रह गए हैं।

राज्य में करोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा फिर बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को फिर श्रीगंगानगर में एक और संक्रमित की मौत हुई है। इससे पहले 15 दिसम्बर को बाड़मेर में, 13 दिसम्बर को राजसमंद व बीकानेर में, 6 दिसम्बर को बीकानेर में और 18 नवम्बर को जयपुर में 1-1 संक्रमित की मौत हुई थी। राज्य में करोना से पिछले 30 दिन

- **राज्य में सबसे ज्यादा 7 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं।**
- **प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से एक संक्रमित की मौत हुई है। इसके साथ ही गत पांच दिन में इस बीमारी से 4 लोगों की मौत हो चुकी है।**

में 6 लोगों की मौत हुई है। वहीं प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 8960 संक्रमितों की मौत हो चुकी है।

इधर राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना के नए मामलों में कमी आई है। इस दौरान राज्य के 7 जिलों में 16 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को 26 रोगी पाए गए थे। आज राज्य में सबसे ज्यादा 7 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा अजमेर में 3, उदयपुर में 2 तथा झुंझुनूं, श्रीगंगानगर, बीकानेर और भीलवाड़ा में 1-1 नया संक्रमित मिला हैं।

उधर जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 3 नए संक्रमित वैशाली नगर में मिले हैं। वहीं आदर्श नगर, बनीपार्क, सी-स्कीम और मुरलीपुरा में 1-1 नया मरीज पाया गया है। वहीं जिले में 15 रोगी रिकवर हुए हैं। इस बीच प्रदेश के 26 जिलों में करोना का कोई भी नया मरीज नहीं मिला है। इनमें 14 जिलों में न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस बचा है। प्रदेश में शुक्रवार को 23 मरीज ठीक होने के साथ ही अब तक इस बीमारी से 9 लाख 45 हजार 970 लोग स्वस्थ हो चुके है। प्रदेश में शुक्रवार को नए संक्रमितों के मुकाबले अधिक रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 259 रह गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 107 मामले जयपुर में और उदयपुर में 22, अलवर में 21 तथा बीकानेर में 20 केस बचे हैं। इसके अलावा 15 जिले अजमेर, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चूरू, दौसा, डूंगरपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जालोर, झुंझुनूं, जोधपुर, राजसमंद और सीकर में बीस से कम मामले हैं।

## उत्तर-पश्चिम रेलवे ने 380 स्टेशनों पर हाई स्पीड वाई-फाई सुविधा उपलब्ध करवाई

**जयपुर,** (का.सं.)। डिजिटल इण्डिया कार्यक्रम को बढावा देने तथा वर्तमान युग में इंटरनेट के बढते उपयोग को देखते हुये उत्तर पश्चिम रेलवे पर यात्रियों को स्टेशन पर बेहतर इंटरनेट सुविधा प्रदान करने के क्रम में 380 स्टेशनों पर हाई स्पीड वाई-फाई सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अभय शर्मा के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के 380 स्टेशनों पर यह सुविधा प्रदान कर दी गई है। स्टेशनों पर कार्य योजना के तहत वाई-फाई सुविधा प्रदान करने में उत्तर पश्चिम रेलवे भारतीय रेलवे के अग्रणी जोन में सम्मलित है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल पर 81 स्टेशनों, जोधपुर मण्डल पर 106 स्टेशनों, बीकानेर मण्डल पर 116 स्टेशनों तथा अजमेर मण्डल पर 77 स्टेशनों पर फ्री हाई स्पीड वाई-फाई सुविधा प्रदान की गई है।

## कांग्रेस ने तीन साल में प्रदेश का बंटाधार करने में नहीं छोड़ी कोई कसर : राठौड़

**जयपुर।** विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने गहलोत सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर वक्तव्य जारी कर कहा कि अंतर्कलह से जूझती राज्य की कांग्रेस सरकार ने राजस्थान का बंटाधार करते हुए अपने कुशासन के 36 माह गुजार दिए हैं जिसमें सरकार के पास विफल कानून व्यवस्था, पेट्रोल-डीजल पर सर्वाधिक वैट व महंगी बिजली, किसानों व बेरोजगारों के साथ वादाखिलाफी, कोरोना कुप्रबंधन, पेपर लीक प्रकरण, सरकारी विभागों में व्यापक भ्रष्टाचार सहित अन्य ऐसी कई उपलब्धियां हैं जिस पर एक ओर सरकार गौरवान्वित महसूस कर जश्न मनाने में डूबी है, विज्ञापनों पर अंधाधुंध पैसा बहा रही है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की साढ़े 7 करोड़ जनता सरकार की विफल नीतियों से त्रस्त होकर आंसू बहाने को मजबूर है।

राठौड़ ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर आमजन भयभीत है, कोरोना की तीसरी लहर आने की प्रबल आशंका है, ऐसी विकट परिस्थिति में भी राज्य के मुखिया अशोक गहलोत सरकारी तंत्र का बेजा इस्तेमाल करते हुए पहले महंगाई हटाओ रैली में भीड़ जुटाने में व्यस्त रहे और अब 3 वर्ष के कुशासन को सुशासन दिखाते हुए जश्न मनाने के लिए लालायित व उत्सुक है।

## दुष्कर्म मामले में महिला सहित तीन को सजा

**जयपुर,** (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त रामकुमार को बीस साल की सजा सुनाई है। वहीं अदालत ने अपहरण में सहयोग करने वाले अभियुक्त प्रकाश को पांच साल और ज्ञाना देवी को चार साल की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी अभियुक्तों पर कुल तीन लाख पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत क्षतिपूर्ति देने के लिए प्रकरण को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेजा है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि दोनों अभियुक्त पीड़िता के पड़ोस में रहने वाली ज्ञाना देवी के घर आते-जाते थे। ज्ञाना देवी ने ही पीड़िता की दोनों युवकों से दोस्ती कराई थी। घटना के दिन 19 जनवरी 2019 को ज्ञाना देवी ने पीड़िता को दोनों अभियुक्त के साथ जाने को कहा। पीड़िता के मना करने पर ज्ञाना देवी ने उसके परिजनों को मारने की धमकी दी। इसके बाद रात करीब नौ बजे दोनों अभियुक्त पीड़िता को अपने साथ रामकुमार की मौसी के घर ले गए। यहां रामकुमार ने अपनी मौसी को बताया कि पीड़िता सह अभियुक्त प्रकाश की बहन है। इसके बाद तीनों एक कमरे में सो गए। जहां राजकुमार ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। दूसरी ओर पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सुबह आकर पीड़िता को बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## हीरक जयंती सप्ताह में क्षत्राणियों ने किया पथ संचलन

**जयपुर।** हीरक जयंती समारोह हेतु चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को श्री क्षत्रिय युवक संघ ने खातीपुरा में क्षत्राणियों का पथ संचलन आयोजित किया। पथ संचलन चांद बिहारी नगर के शनि मंदिर से प्रारंभ हुआ। इससे पूर्व अनेक स्थानों से क्षत्राणियों का बहुत बड़ा हुजूम एकत्रित हुआ। धानक्या धाम माता जी व मातृ शक्ति ने जय क्षात्र धर्म, जय मातृ शक्ति का घोष किया। संतोष कंवर सिसरवादा के नेतृत्व में पथ संचलन का आयोजन किया गया। नन्हीं बालिकाओं से लेकर मातृ शक्ति का हुजूम चांद बिहारी नगर मोड़ से होता हुआ विभिन्न कॉलोनियों से होता हुआ जसवन्त नगर होते हुए मुख्य खातीपुरा रॉड से गुजरते हुए चांद बिहारी नगर तक पुनः पंहुची। कॉलोनियों से गुजरते हुए एक विहंगम दृश्य नजर आ रहा था।





**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य रणजीत सिंह शेखावत पुत्र श्री रतिपाल जी शेखावत निवासी प्लाट नम्बर 93, हस्तिनापुर कॉलोनी, करणी पैलेस के पास, जयपुर की ओर से व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य द्वारा प्लाट नम्बर 70 (पश्चिमी हिस्सा) सहकार नगर बी, खातीपुरा रोड़ झोटवाड़ा, जयपुर के सम्बन्ध में वाद संख्या -479/2021 रणजीत सिंह शेखावत बनाम हिन्दूजा लिलेण्ड फाईनेन्स लिमिटेड प्रस्तुत कर रखा है, जो कि न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट पश्चिम जयपुर महानगर द्वितीय में विचाराधीन है, अगर कोई अन्य व्यक्ति, संस्था, निकाय, उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार करता है तो ऐसा संव्यवहार मेरे अभिभाष्य के विधिक हितो एवं अधिकारो के मुकाबले प्रारम्भ से ही शून्य एवं निष्प्रभावी होगा। सूचित रहे।
दिनांक-17.12.21 (वंदना श्रीवास्तव) एडवोकेट मो. 9024766903

**राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
**आम जाहिर सूचना**
आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-4/25(जी०एफ०) जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 312.15 वर्ग मीटर का आवंटन श्री अनुप चन्द गंगवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3458 दिनांक 18.04.1981 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 06.09.1991 को करवाया गया। श्री अनुप चन्द गंगवाल की मृत्यु दिनांक 15.12.2020 को हो जाने के कारण श्रीमती शकुन्तला गंगवाल पत्नी स्व. श्री अनुप चन्द गंगवाल के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, इच्छा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती शकुन्तला गंगवाल पत्नी स्व. श्री अनुप चन्द गंगवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय, जयपुर।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त-तृतीय
**राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन.मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाषा संख्या-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या-5MB/19 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा जयपुर, क्षेत्रफल 146.19 वर्ग मीटर का आवंटन श्री बाबूलाल मीणा, श्री रामलाल मीणा एवं श्री शंकरलाल मीणा पुत्रान स्व. श्री नारायण मीणा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 869 दिनांक 29.12.2020 जारी किया गया था। उनके द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीकृत, आमेर में दिनांक 19.01.2021 को करवाया गया। श्री बाबूलाल मीणा, श्री रामलाल मीणा एवं श्री शंकरलाल मीणा पुत्रान स्व. श्री नारायण मीणा के द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, प्रथम में दिनांक 04.02.2021 को श्रीमती प्रभाती देवी मीना पत्नी श्री रामूलाल मीना पुत्री स्व. श्री नारायण मीणा के पक्ष में उपहार पत्र का निष्पादन करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती प्रभाती देवी मीना पत्नी श्री रामूलाल मीना पुत्री स्व. श्री नारायण मीणा के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचना जरीये विक्रय पत्र के श्री संजय कुमार मीणा पुत्र श्री जयराम मीणा को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यायल उप पंजीयक, जयपुर चतुर्थ में दिनांक 25.06.2021 को करवाया गया। श्री संजय कुमार मीणा पुत्र श्री जयराम मीणा के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक /संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री संजय कुमार मीणा पुत्र श्री जयराम मीणा के पक्ष में उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक राजस्थान आवासन मण्डल वृत तृतीय, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 123/2021
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री शेर सिंह 893 ए जीवनपुरी बस्ती 4 सी लोहा मण्डी हरमाडा जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत मेरी पहचान सहायता ट्रस्ट जिला जयपुर, प्रन्यास के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 22.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 31.1.2022
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

**न्यायालय सिविल न्यायाधीश क्रम-3 जयपुर महानगर प्रथम जयपुर**
वाद पत्र संख्या 103/2021 CIS NO. 593/2021(553/21
विमल कुमार अग्रवाल बनाम जयपुर विकास प्राधिकरण व अन्य
प्रतिनिधित्व वाद पत्र
नोटिस अन्तर्गत आदेश-01 नियम-08 व्यवहार प्रक्रिया संहिता
चूंकि वादी जयपुर शहर का स्थायी निवासी है तथा उक्त वाद पत्र में वर्णित वादग्रस्त सम्पत्ति भवन संख्या 620, देवी नगर, न्यू सांगानेर, रोड़, जयपुर में अवैध रूप से हो रहे निर्माण के परिणामस्वरूप होने वाले लोक न्यूसेंस से पीडित होकर उक्त वाद पत्र प्रतिनिधित्व वाद की हैसियत से प्रतिवादीगण के विरूद्ध संस्थित किया गया है चूंकि प्रतिवादी भवन संख्या 620, देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड़, जयपुर पर रिहायशी ऐरिया में अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण कार्य कर व्यवसायिक गतिविधिया चालू करने को आतुर हैजिससे देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड़ क्षेत्र के आस पास आन-जान प्रभावित होता है तथा अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है जो उक्त रिहायशी सम्पत्ति में खुले आम नगर निगम के बायलॉज का उल्लंघन हो रहा हैतथा निर्माण स्वीकृति के विरूद्ध निर्माण कर व्यवसायिक गतिविधिया चालू करने को अंजाम दिये जाने पर आतुर है।
अत: सर्वसाधारण को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता हैकि इस वाद में कोईव्यक्ति जो हित रखते हो वे वादी या प्रतिवादी के रूप में उक्त प्रकरण में दिनांक 17/01/22 को प्रात: 10.30 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर पक्षकार के रूप में संयोजित हो सकता हैएवं आगामी कार्यवाहियों में भाग ले सकता है अन्यथा कोईभी भाविष्य में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं उठा सकेंगे।
आदेश आज दिनांक 16.12.21 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
मोहर
न्यायालय सिविल न्यायाधीश क्रम-3 जयपुर महानगर प्रथम जयपुर

**आम सूचना** दि. 17.12.2021
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि अचल सम्पत्ति प्लाट नम्बर 14, श्री रामपुरा कॉलोनी, सिविल लाईन्स, जयपुर, राज., कुल क्षेत्रफल 573.33 वर्गगज है। उक्त सम्पत्ति रिटायर्ड लेफ्टीनेंट कर्नल राजेन्द्र सिंह ठाकुर को जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा आवंटन पत्र दिनांक 23.01.2001 द्वारा आवंटित हुई तथा उक्त कार्यालय से अपने नाम से लीज मुक्ति प्रमाण पत्र क्रमांक 12324 दिनांक 23.01.2001 एवं रजिस्टर्ड लीज डीड नं. 401/2001 दिनांक 23.01.2001 भी प्राप्त कर लिया। लेफ्टीनेंट कर्नल राजेन्द्र सिंह ठाकुर के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारियों में उनकी पत्नी श्रीमती जयराज कुमारी, दो पुत्री भुवनेश्वरी जेठवा व श्रीमती माधविका राठौड़ उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से विधिक रूप से मालिक एवं स्वामी, काबिज हुए। भुवनेश्वरी जेठवा ने उक्त सम्पत्ति मे निहित अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 26.10.2021 द्वारा एवं श्रीमती माधविका राठौड़ ने अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 20.11.2021 द्वारा श्रीमती जयराज कुमारी के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार श्रीमती जयराज कुमारी उक्त सम्पत्ति सम्पूर्ण की एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुई। सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी। ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट (एस.आर.एम. पार्टनर) मो. 8529601819
पता:- 82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर, राज.

**नाम परिवर्तन**
मै अनुराधा गुरूबिल्ली नं. 15701964A लांस नायक कोटेश्वरराव गुरूबिल्ली, ग्रा.- दुग्गी, पोस्ट नवगाम, तहसिल पालाकोंडा, श्रीकाकुलम, आंध्रप्रदेश, 532462 के निवासी की पत्नी हुँ। मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम अनुराधा गुरूबिल्ली है। जिसे बदलकर कनुमुला अनुराधा करवाना चाहती हुँ, जिसका हलफनामा AR342899 दिनांक 03.12.2021 को सही किया है।

मै नं. 15701964A लांस नायक कोटेश्वरराव गुरूबिल्ली का पिता हुँ। मैने अपना नाम और जन्मतिथि संगमनायडू और 01.07.1959 से गुरूबिल्ली संगमनायडू और 01.01.1964 कराना चहता हुँ जो कि मेरे पुत्र के सेना के दस्तावेज में सुधार के उद्देश्य से हलफनामा संख्या AR342900 दिनांक 03.12.2021 को सही किया है।

मै नं. 15701964A लांस नायक कोटेश्वरराव गुरूबिल्ली की माता हुँ। मैने अपना नाम और जन्मतिथि पदमावती एवं 01.071965 से गुरूबिल्ली पदमावती और 01.01.1970 कराना चाहती हुँ जो कि मेरे पुत्र के सेना के दस्तावेज में सुधार के उद्देश्य से हलफनामा संख्या AR342900 दिनांक 03.12.2021 को सही किया है।

मैने अपने पुत्र का नाम गौरव कुमार छाजेड से बदलकर गौरव छाजेड S/o हर्षवर्धन छाजेड रख लिया है भविष्य में इसे गौरव छाजेड के नाम से जाना जावे। पता:- 20, सुंदर नगर, मालवीय नगर, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 1145, मेहरों का रास्ता, रामगंज बाजार, जयपुर में चिंरजीव मुकेश बंसल पुत्र श्री श्याम सुंदर अग्रवाल जरिये उपहार पत्र दिनांक 03.02.2020 में वर्णित सम्पत्ति मुस्तर्का हक सहित विक्रय कर रहा है, किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो एक सप्ताह में बताये अन्यथा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
जुबैर इरशाद, एडवोकेट, मो. 9828549967

**खोया पाया**
मेरे मकान संख्या 8H/249 इन्दिरा गाँधी नगर, जगतपुरा का संशोधित आवंटन पत्र संख्या 9516/ 15.01.2014 राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर, द्वारा जारी कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें।
संजय गोयल मो.- 9414222335

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:12854 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:17.12.2021
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 34/26 (HIG), (एरिया 164.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री अमर कान्त भटनागर पुत्र श्री बी. आर. भटनागर को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1373 दिनांक 11.09.1996 को जारी किया गया। तत्पश्चात आवास का नियमितिकरण श्री यशपाल अग्रवाल पुत्र श्री तीरथ राम के नाम पत्र क्रमांक 2226 दिनांक 15.03.2004 के द्वारा इनके नाम किया जाकर इनके पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक सांगानेर, के यहाँ दिनांक 18.03.2004 को पंजीकृत करवाये गये। श्री यशपाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक दिनांक 28.10.2021 हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती अनिता यशपाल अग्रवाल पत्नी स्व. श्री यशपाल अग्रवाल द्वारा उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती अनिता यशपाल अग्रवाल पत्नी स्व. श्री यशपाल अग्रवाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय,
सम्पदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर



# फतेहपुर शेखावाटी में पारा लुढ़क कर माइनस 1.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

## चूरू में न्यूनतम तापमान 0.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज



चूरू में शुक्रवार सुबह दिन निकलने के साथ ही घना कोहरा छाया रहा। जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी।

**■ शीतलहर के आगोश में चल रहा शेखावाटी अंचल**

**चूरू,** (कासं)। चूरू में गत रात्रि को हाड कंपा देने वाली सर्द रात्रि ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। सर्दी का असर दिन में धूप निकलने के बावजूद बना रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यहां का अधिकतम 19.5 व न्यूनतम 0.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं निकटवर्ती सीकर जिले के फतेहपुर शेखावाटी स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार यहां का न्यूनतम तापमान माइनस 1.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। वहीं अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सर्दी की अधिकता के कारण फतेहपुर शेखावाटी के लोगों की आम दिनचर्या प्रभावित होने के साथ ही जीव जंतु भी प्रभावित हो रहे हैं। सर्द रात्रि में खुले आसमान के नीचे सर्दी का मौसम परेशानी का सबब बना हुआ है।

चूरू में सुबह दिन निकलने के साथ ही पूरा शहर कोहरे की चादर में लिपटा दिखाई दिया। सुबह कोहरे के छा जाने के कारण वाहन चालकों को हैड लाइट जलाकर आगे बढ़ना पड़ा। कोहरे का असर सुबह दस बजे तक रहा। इसके बाद धूप निकलने से सर्दी से मामुली राहत कुछ देर मिली लेकिन दोपहर बारह बजे बाद सर्द हवाओं के चलने से सर्दी का असर दोबारा से बढ़ने लगा। शाम को पांच बजे बाद दिन ढलने तक सर्दी का असर शुरू हो गया। दिनभर लोग गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। इन दिनों शाम को छह बजने के साथ ही लोग अलाव तापकर सर्दी दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। इन दिनों पूरा शेखावाटी अंचल सर्दी की चपेट में चल रहा है। पिछले दो दिनों से सर्दी अपना कहर बरपा रही है। जिसके कारण लोग सुबह देरी से अपने घरों से बाहर निकलते हैं और शाम को जल्दी घरों की ओर लौटने का प्रयास करते हैं। दिनभर लोग धूप सेकने का आनंद उठा रहे हैं।

# फसलों को पाला लगने की आशंका

**■ मौसम विभाग ने जारी की शीतलहर की चेतावनी**

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले में सुबह से घना कोहरा छाया रहा। इसके कारण सड़क पर वाहनों की रफ्हातार धीमी हो गई। प्रदेश में शीतलहर के कारण तेज सर्दी का दौर शुरू हो गया है। सर्द हवा चलने से लोगों की कंपकपी छूट रही है। हनुमानगढ़ में भी दिसंबर में पारा लगातार नीचे गिर रहा है।

मौसम पूर्वानुमान में जिले में शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना जताई गई थी, लेकिन तापमान गुरुवार रात को ही गिरकर 3 डिग्री पर पहुंच गया। जिले में महज 2 दिन पहले न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस और इससे ऊपर बना हुआ था। जिले में शुक्रवार की सुबह घना कोहरा छाने के कारण वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई और ड्राइवरों को लाइट जलाकर गाड़ी चलानी पड़ी। ठंड में ठिठुराते लोग जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। मौसम विभाग की ओर से शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है।

तापमान में और गिरावट आने के साथ ही 20 दिसंबर तक इसी तरह का मौसम का रहने की संभावना जताई गई है। लगातार गिरते तापमान के बीच किसानों की परेशानी बढ़ गई है। ठंड में फसलों को पाला लगने की आशंका रहती है। इससे बचाव के लिए सिंचाई की सलाह दी जाती है। इस साल किसान सिंचाई पानी की कमी झेल रहे हैं, ऐसे में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अभी सरसों व गेहूं की फसलें पकी नहीं है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक ठंड के साथ धुंध रहती है तो नुकसान नहीं होगा। ठंडी हवा चलने पर फसलें ज्यादा प्रभावित हो सकती है।

# चूरू में जोधपुर डिस्कॉम के दो कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## कृषि कनेक्शन शिफ्ट करने की एवज में मांगे थे 20 हजार रुपये



एसीबी की टीम ने चूरू में जोधपुर डिस्कॉम के दो कर्मचारी गिरफ्तार किए।

**■ चाय वाले को दिलवाई रकम**

**चूरू,** (कासं)। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने जोधपुर डिस्कॉम में बड़ी कार्रवाई करते हुए वाणिज्य सहायक व तकनीकी सहायक को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

ब्यूरो के एएसपी आनंद प्रकाश स्वामी ने बताया कि भानीपुरा में वाणिज्य सहायक मुरारीदास व डिस्कॉम का तकनीकी सहायक मनीष कुमार को बीस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी परिवादी से उसकी कृषि भूमि में बिजली कनेक्शन शिफ्टिंग करने के लिए डिमांड नोटिस जारी करने की एवज में यह रिश्वत मांगी थी। उन्होंने बताया कि साडासर निवासी गोपाल राम की शिकायत पर शुक्रवार को परिवादी जब दफ्तर गया तो मुरारी दास ने स्वयं नहीं लेकर मनीष कुमार तकनीकी सहायक को परिवादी को ले जाकर ई-मित्र वाले राजपाल को दिलवाने की बात कही।

इस पर मनीष कुमार परिवादी को साथ लेकर ई-मित्र की दुकान पर आया परंतु ई मित्र वाले राजपाल के दुकान पर नहीं मिलने के कारण पास की ही चाय की थड़ी वाले रामकरण को परिवादी से रिश्वत राशि राजपाल को देने के लिए दिलवाई गई। इस पर रिश्वत राशि रामकरण से बरामद की गई है। इस दौरान कार्रवाई करने वाली टीम में एएसआई गिरधारीलाल, कांस्टेबल नरेन्द्र, दिलीप कुमार, संदीप, राजपाल, प्रमोद, श्रवण, राकेश, ओमप्रकाश और हिम्मत सिंह शामिल थें।

# नोखा में पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**बीकानेर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शुक्रवार को नोखा में पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी से चार हजार रुपए भी बरामद किए हैं, जिस पर ब्यूरो ने पहले ही रंग लगाया हुआ था। पटवारी से नोखा थाने में पूछताछ की जा रही है। साथ ही उसके घर व अन्य ठिकानों पर भी छापा मारा गया है। ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ये कार्रवाई की गई है। दरअसल, ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि नोखा का पटवारी विकास मीणा हर काम के लिए रिश्वत मांग रहा है। मीणा पर नजर रखी गई थी। इसके बाद फिर शिकायत मिली कि म्यूटेशन के लिए चार हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई है। मीणा के फोन को रिकॉर्ड पर रखा गया। शिकायत करने वाले किसान के फोन पर लेन-देन तय हो गया। शुक्रवार को नोखा में ही चार हजार रुपए रिश्वत के रूप में दिए गए। इशारा मिलते ही एसीबी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके हाथों को धुलवाया तो उसमें भी रंग लगा हुआ था। मामला उडसर ग्राम पंचायत का है। संपत्ति का पूरी तरह मालिकाना हक पाने के लिए कई कानूनी प्रक्रियाएं अपनानी होती है। अगर परिजनों की ओर से संपत्ति मिलती है तो उसे भी सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करवाना होता है। किसी अन्य से भी खरीदी गई है तो इसे दर्ज करवाना होता है। पटवारी की रिपोर्ट पर ही ये काम हो पाता है, इसलिए अधिकांश रिश्वत के मामले इसी से जुड़े होते हैं।

# कनिष्ठ अभियंता ने मांगी दो हजार की रिश्वत, गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं.)। एसीबी उदयपुर की टीम ने पट्टा बनाने के लिए मौका रिपोर्ट तैयार करने के एवज में पीड़ित से दो हजार रूपये रिश्वत लेते नगर निगम उदयपुर में संविदा पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंता को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक व्यूरों उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने बताया कि देवाली नीमच माता स्कीम निवासी लोकेश रेगर पुत्र गोपीलाल ने श्रीनाथ कॉलोनी गणेशनगर पायडा यूनिवर्सीटी रोड उदयपुर हॉल नगर निगम में संविदा पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंता शिवम भट्ट पुत्र हरिश भट्ट के खिलाफ ब्यूरों को रिपोर्ट दी कि प्रशासन शहरों के संग अभियान में पटटा बनवाने के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद मकान का मौका रिपोर्ट करने की एवज में कनिष्ठ अभियंता शिव भट्ट द्वारा तीन हजार रूपये की मांग कर एक हजार रूपये लेने व शेष नकदी मांग की। जिसका सत्यापन के दौरान पुष्टि हुई थी। इस पर शुक्रवार को पीड़ित ने नगर निगम कार्यालय पहुंच कर दो हजार रूपये पीड़ित को रिश्वत दी थी। इधर इशारा मिलने पर ट्रेपकर्ता भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के पुलिस उपाधीक्षक हेरम्ब जोशी के नेतृत्व में टीम ने आरोपी शिवम भट्ट को रिश्वत लेने गिरफ्तार किया।



# पचेवर कस्बे में नग्न अवस्था में मिला युवक का शव



पचेवर कस्बें में झाड़ियों में मिला युवक का शव।

**■ पूछताछ के लिए आधा दर्जन हिरासत में**

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर कस्बे में पुरानी पुलिस चौकी के पास झाड़ियों में शुक्रवार की सवेरे नग्न अवस्था में लावारिस पड़े मिले युवक के शव का पोस्टमार्टम करवा घटनास्थल से एफएसएल टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाये।

सूचना मिलने पर पचेवर एसएचओ नरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे तथा झाड़ियों में पड़े शव को कब्जे में लिया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल पहुंच मौके पर जमा ग्रामीणों से युवक की शिनाख्त का प्रयास किया। तकरीबन दो घंटे की मशक्कत व पूछताछ के बावजूद युवक की शिनाख्त नहीं होने पर शव को मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। कुछ देर बाद अस्पताल पहुंचे मृतक के भाई नाथु ने युवक की पहचान अपने भाई रामजीलाल वर्मा के रूप में की। जबकि पुलिस अधिकारियों की दो घंटे की पूछताछ के दौरान नाथु घटनास्थल पर ही मौजूद होने के बावजूद युवक की पहचान के बजाय चुप रहा जो कि कई प्रकार के सवालों को जन्म देता है। शव के पास ना तो कपड़े और ना ही कोई संदिग्ध वस्तु पाई गई है। युवक के चेहरे पर चोटों के निशान व शव पूर्ण रूप से निर्वस्त्र होने से पुलिस को जांच की दिशा मिलने के बाद आधा दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। वहीं मृतक के भाई नाथु ने पचेवर थाने में दी रिपोर्ट में उसके भाई की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंकने की जानकारी दे हत्या का मामला दर्ज करवाया है।


# सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 2-2 फेरे चलेगी

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डहर का बालाजी (जयपुर) से साईं नगर शिरडी टर्मिनस डहर का बालाजी के बीच सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह रेलगाड़ी कोटा मंडल के सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, भवानी मंडी, शामगढ़ रेलवे स्टेशनों पर भी ठहरेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि गाड़ी संख्या 09739 डहर का बालाजी (जयपुर) से आगामी 27 दिसंबर एवं 3 जनवरी को सोमवार के दिन 2-2 फेरे लगाएगी। यह रेलगाड़ी सोमवार को दोपहर 12.40 बजे डहर का बालाजी से प्रस्थान करके, सवाई माधोपुर से दोपहर 3.35 बजे, कोटा में शाम 4.50 बजे आकर 5.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा रामगंज मंडी से 5.55 बजे, भवानी मंडी से 6.17 बजे, तथा शामगढ़ से 6.45 बजे प्रस्थान कर के दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर 1.00 बजे साईं नगर शिरडी टर्मिनस पहुंचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09740 दिनांक 28 दिसंबर एवं 4 जनवरी मंगलवार को 2-2 फेरे चलाई जाएगी। यह ट्रेन साईं नगर शिरडी टर्मिनस से मंगलवार को शाम 6.30 बजे प्रस्थान करके दूसरे दिन शामगढ़ से प्रातः 11.15 बजे, भवानी मंडी से 11.40 बजे, रामगंज मंडी से 12.05 बजे, कोटा में दोपहर 1.10 बजे आकर 1.15 बजे प्रस्थान करेगी तथा सवाई माधोपुर से दोपहर 3.15 बजे, प्रस्थान करके डहर का बालाजी बुधवार को शाम 5.40 बजे पहुंचेगी।

# साढ़े सोलह लाख रुपये की स्मैक जब्त, दो गिरफ्तार



हिण्डौन पुलिस की गिरफ्त में तस्करी के आरोपी।

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। नई मंडी थाना पुलिस ने साइबर सेल वेडीएससी टीम की मदद से शुक्रवार को भी एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए साढ़े सोलह लाख की स्मैक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक करौली मृदुल कच्छावा ने बताया कि साइबर सेल, डीएसटी टीम एवं थानाधिकारी नई मण्डी गिर्राज प्रसाद पुलिस निरीक्षक मय टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बाजना फाटक पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान रेलवे स्टेशन की तरफ से दो व्यक्ति पटरियों के किनारे-किनारे आते हुए दिखाई दिये। जिन्हें सन्देह के आधार पर हिरासत में लेकर नाम पता पूछा तो एक ने अपना भूरा सैनी निवासी हिण्डौन सिटी बताया जिसकी तलाशी ली गई तो 60 ग्राम अवैध स्मैक मिली। दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम संजय मीना भरतपुर का होना बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिली। इस प्रकार इन दोनों व्यक्तियों से कुल 110 ग्राम स्मैक को मौके पर जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# आरएएस मुख्य परीक्षा 2018 की उत्तर पुस्तिकाएं अपलोड होंगी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा-2018 की उत्तर-पुस्तिकाएं सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अभ्यर्थियों के अवलोकन के लिए आयोग की वेबसाइट पर 10 जनवरी से 30 अप्रेल 2022 तक अपलोड करने की कार्यवाही की जा रही है।

सचिव एचएल अटल ने बताया कि जो अभ्यर्थी सूचना का अधिकार के तहत स्वयं की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन करना चाहते हैं, वे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत ऑफलाइन प्रार्थना-पत्र निर्धारित शुल्क 10 रुपए के साथ 20 दिसम्बर 2021 से 31 मार्च 2022 तक आयोग कार्यालय में प्रस्तुत कर देवें। जिन अभ्यर्थियों के प्रार्थना-पत्र 31 मार्च 2022 तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जायेंगे उनकी उत्तर पुस्तिकाएं आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी जायेंगी। 31 मार्च 2022 के बाद प्राप्त किसी भी प्रार्थना-पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

# 21 को वसुंधरा राजे का अलवर में दौरा

**अलवर,** (निसं)। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के 21 दिसंबर को अलवर आगमन को लेकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी सहित तमाम भाजपा के आला नेताओं ने केंद्रीय स्कूल में बने हेलीपैड का निरीक्षण किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी के साथ जयपुर से आए पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा, पूर्व जयपुर जिला अध्यक्ष संजय जैन, पूर्व मंत्री डॉ जसवंत यादव, पूर्व मंत्री डॉ रोहतास शर्मा, विधायक संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष संजय नरूका, पूर्व विधायक जयराम जाटव, नगर परिषद के प्रतिपक्ष नेता सतीश यादव, बीजेपी युवा मोर्चा से पूर्व अध्यक्ष जले पंडित सहित तमाम भाजपा के नेता सदस्य मौजूद रहे।

# खेलमंत्री अशोक चांदना ने किए दो गोल, एक-दूसरे के विरुद्ध अली बन्धुओं का शानदार खेल

## जोधपुर पोलो-2021 : राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (10 गोल)



जोधपुर पोलो सीजन 2021 में राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप ( 10 गोल ) टूर्नामेंट शुरू हुआ।

**■ कांटे के मुकाबले में अचीवर्स डीबी रियल्टी ने रजनीगंधा अचीवर्स को डेढ़ गोल के अन्तर से हराया**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में चल रहे 22वें जोधपुर पोलो सीजन 2021 में शुक्रवार 17 दिसम्बर को मेहरानगढ़ बैण्ड की सुमधुर सुर लहरियों के साथ राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (10 गोल) टूर्नामेंट शुरु हुआ।

पहले दिन दोपहर 3 बजे अचीवर्स डीबी रियल्टी व रजनीगंधा अचीवर्स टीमों के बीच टूर्नामेंट का पहला मैच खेला गया जिसमें अचीवर्स डीबी रियल्टी टीम ने विपक्षी टीम को सात के मुकाबले साढ़े आठ गोल कर डेढ़ गोल के अन्तर से जीत दर्ज की। मैच के दौरान जोधपुर पोलो के मुख्य संरक्षक हिज हाईनेस महाराजा गजसिंह जी मैदान में उपस्थित थे। विक्रम राठौड़ ने गेंद फेंककर मैच का खेल शुरू करवाया।

अचीवर्स डीबी रियल्टी टीम से खेल रहे राज्य के खेल मंत्री अशोक चांदना ने भी मैदान में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। चांदना ने पहले चक्कर में मैच की शुरूआत होते ही विपक्षी टीम के विरुद्ध पहला गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। उन्होंने दूसरा गोल तीसरे चक्कर में किया।

जोधपुर पोलो एवं इक्विस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव कर्नल उम्मेदसिंह ने बताया कि इस मैच में सैय्यद शमशेर अली व सैय्यद बशीर अली जो दोनों भाई हैं ने एक-दूसरे के विरुद्ध विपक्षी टीमों से खेल खेला। दोनों ही भाइयों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अन्तिम समय तक मैच को काफी रोमांचक बनाए रखा शमशेर ने मैच के दौरान कुल पांच गोल जबकि बशीर ने चार गोल किए। अचीवर्स डीबी रियल्टी टीम की ओर से खेलते हुए टीम के चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी सैय्यद शमशेर अली ने पहले व चौथे चक्कर में दो-दो गोल व तीसरे चक्कर में एक गोल किया।

मैच के अम्पायर उदय कलान व कर्नल रवि राठौड़ वीएसएम (से.नि.) थे जबकि रैफरी सिमरनसिंह शेरगिल व मैच की कामेन्ट्री सिद्धार्थसिंह रोहिट व अविजितसिंह रोहिट ने संयुक्त रूप से की। शनिवार 18 दिसम्बर राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (10 गोल) टूर्नामेंट के दूसरे दिन का मैच जोधपुर व पोलो फैक्ट्री 61 कैवेलरी के बीच दोपहर 3 बजे खेला जायेगा।

# पावटा में बेजुबानों पर गर्म पानी और एसिड अटैक

**■ अराजक तत्वों की करतूत से गौ भक्तों में आक्रोश**

**पावटा,** (निसं)। उपखंड पावटा में एक सांड को गर्म पानी या तेजाब से जलाया गया है। श्री राम गौ सेवा समिति कार्यकर्ताओं ने जख्मी सांड को देख एलएसए गोविंद भारद्वाज को सूचित किया लेकिन पकड़ में नहीं आने की वजह से उसका इलाज नहीं हो पाया। वहीं गौ भक्तों का कहना है कि पावटा व आसपास के क्षेत्रों में बेजुबानों पर एसिड अटैक की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

गुरुवार को अराजक तत्वों ने एक सांड पर तेजाब डालकर जला दिया। वहीं मौके पर पहुंचे गौ भक्तो प्रहलाद सैन, विनय, धीरज, लोकेश टांक, हिमांशु, अमित, विजय, सोहन, अमन, गोविंद भारद्वाज ने बताया कि एक ओर जहां लोग जीव सेवा में अपना सब कुछ लगा देते हैं, उसी समाज में कुछ ऐसे भी लोग हैं जो इन बेजुबानों पर अत्याचार करते हैं और निर्मम हत्या करते हैं। ऐसी ही दर्दनाक घटनाएं आए दिन नगरपालिका मण्डल पावटा प्रागपुरा में देखने को मिल रही हैं।

# कांग्रेस सरकार के तीन साल, ढाक के तीन पात: राज्यवर्धन

**■ युवाओं को नहीं मिला रोजगार, किसान कर रहे हैं ऋण माफी का इंतजार**

**■ 'बिजली-पेट्रोल प्रदेश में सबसे महंगे, भुगत रही है जनता'**

**■ 'कानून व्यवस्था ठप, महिला अपराधों में राजस्थान अव्वल'**

**जयपुर,** (निसं)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद जयपुर ग्रामीण कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के तीन साल को ढाक के तीन पात बताया है। उन्होंने कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार को तीन साल पूरे करने पर उत्सव नहीं शोक मनाना चाहिए। पूरे देश में बिजली-पेट्रोल सबसे महंगे राजस्थान में ही हैं जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस के शासन ने राजस्थान को पांच साल पीछे धकेल दिया है। विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस ने जनता से बड़े-बड़े वादे कर प्रदेश में सरकार बनाई थी, लेकिन आज भी युवा रोजगार और बेरोजगारी भत्ते के लिए तरस रहें है, किसानों को ऋण माफी का इंतजार है, समाज के प्रत्येक वर्ग में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है।

प्रदेश में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, बच्चे और महिलाएं असुरक्षित है, सड़कों पर गुण्डाराज है जिससे जनता का प्रशासन से विश्वास उठ चुका है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा प्रदेश में किसानों द्वारा पानी और युवाओं द्वारा रोजगार मांगने पर लाठी चार्ज किया जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल गिरोह के बढ़ते जाल और सरकार की नाकामी के चलते लाखों लंबित भर्तियों से युवा आंदोलन करने को मजबूर है राजस्थान में बेरोजगारी दर 27.3 प्रतिशत है जो देश में सबसे अधिक है। कर्नल ने कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार तीन साल सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने की रणनीति बनाने में ही जुटी रही, इससे विकास कार्य ठप हो गए, प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है जो व्यक्ति कानून को मानकर उसका पालन करता है वह घबरा रहा है और कानून तोड़ने वाले मजबूत हो रहे हैं।

# बैंकों की हड़ताल से दो दिन में 20 हजार करोड़ का कारोबार बाधित

## संसद में बैंकों के निजीकरण से जुड़ा विधेयक लाने के विरोध में जारी है आंदोलन

**जयपुर** (कासं)। केन्द्र सरकार द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र में बैंकों के निजीकरण संबंधी विधेयक लाए जाने के विरोध में यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस से जुड़े प्रदेश में 4 हजार शाखाओं में कार्यरत करीब 25 हजार कर्मचारी और अधिकारी शुक्रवार को दूसरे दिन की हड़ताल में भी शामिल हुए।

यूनाइटेड फोरम के संयोजक महेश मिश्रा ने बताया कि इस हड़ताल के कारण सरकारी बैंकों के ताले तक नहीं खुले और इसके साथ ही 6650 एटीएम में से अधिकांश एटीएम जो खाली हो गए, उनमें दोबारा कैश नहीं भरा गया। हड़ताल के चलते दो दिन में 20 हजार करोड रुपए का कारोबार बाधित हुआ। हड़ताल में सफाई कर्मचारी से लेकर सहायक महाप्रबंधक तक शामिल है। हड़ताली संगठन जिनमें एआईबीए आईबॉक,एनसीबीई, एआईबीओए, बैफी, तथा इनबॉक अपने अधिकारी व कर्मचारी सदस्यों के साथ प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। वहां पहुंचकर निजीकरण तथा सरकार की जनविरोधी एवं श्रमिक विरोधी नीतियों के विरोध में नारे लगाए। मिश्रा ने बताया कि दो दिन की हड़ताल के बाद शीघ्र ही यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी आंदोलन की रूपरेखा एवं तारीख निश्चित की जाएगी।

- **राज्य के 6650 एटीएम में से अधिकांश में नकदी खत्म हुई, हड़ताल के कारण दुबारा कैश नहीं भरा गया**





**केन्द्र सरकार द्वारा संसद में बैंकों के निजीकरण संबंधी विधेयक लाए जाने के विरोध में यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस से जुड़े प्रदेश में 4 हजार शाखाओं की शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन हड़ताल रही। इन बैंकों में कार्यरत करीब 25 हजार कर्मचारी और अधिकारी विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए।** फोटो-राष्ट्रदूत

हड़ताल के समर्थन में भारतीय जीवन बीमा निगम एम्पलॉइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व नॉर्थन जोन के अध्यक्ष आर. सी.शर्मा भी उतरे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 157 लाख करोड़ रुपये आम जनता का जमा है, उसका कस्टोडियन कौन होगा? क्योंकि पूर्व में भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बड़े कॉरपोरेट्स ने करोड़ों रुपया उधार लिया, जिसे आज तक नहीं चुकाया। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक जो केन्द्र सरकार की जन समर्थित नीतियों को लागू करते हैं, उनका निजीकरण के बाद क्या होगा? बैंकों द्वारा वितरित की जाने वाली पेंशन तथा छोटे बचत वाले खाते क्या भविष्य में भी जारी रह सकेंगे? यह भी एक ज्वलंत प्रश्न है ।

सभा को बेफी के प्रदेश महासचिव जी.एन.पारीक, सूरजभान सिंह आमेरा, महेश शर्मा, रामअवतार जाखड़, विनय भल्ला, यशवंत भारद्वाज, नरेश शर्मा, लोकेश मिश्रा और अरुण कूलवाल ने संबोधित किया ।

# बदरवास रोड से जुड़े अवमानना के मामले में हाईकोर्ट में पेश हुए जेडीसी

- **जेडीए आयुक्त की ओर से अदालती आदेश की पालना में हुई देरी पर बिना शर्त माफी मांगते हुए सर्वे रिपोर्ट व नक्शा पेश किया गया**
- **जिसका विरोध करते हुए बदरवास विकास समिति के अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने कहा कि जेडीए ने नक्शा गलत बनाया है। इस पर अदालत ने कहा कि अगर वह जेडीए द्वारा बनाए गए नक्शे से व्यथित है तो अलग से कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है।**

जयपुर, (का.सं.)। गोपालपुरा बाईपास पर बदरवास और धर्म नगर से गुजर रही अस्सी फीट चौडी रोड को लेकर दायर अवमानना याचिका में जेडीसी गौरव गोयल और जोन उपायुक्त हाईकोर्ट में पेश हुए। जेडीसी की ओर से अदालती आदेश के पालन में हुई देरी पर बिना शर्त माफी मांगते हुए सर्वे रिपोर्ट व नक्शा पेश किया। वहीं एएजी अनिल मेहता ने कहा कि अदालती आदेश की पालना कर दी है और मौके का सर्वे कर नक्शा बना दिया है। इसका विरोध करते हुए बदरवास विकास समिति के अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने कहा कि जेडीए ने नक्शा गलत बनाया है।

अदालत ने दोनों पक्षों को सुनकर विकास समिति को कहा कि यदि वह जेडीए द्वारा बनाए गए नक्शे से व्यथित है तो अलग से कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव व वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश बदरवास विकास समिति की अवमानना याचिका पर दिया। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 16 अगस्त 2019 को जेडीए को आदेश दिए थे कि वह दो महीने में गोपालपुरा बाईपास पर बदरवास व धर्म नगर से गुजर रही 80 फीट चौडी रोड की चौड़ाई कम करे बिना उसका लेआउट प्लान बनाए और इसमें किसी भी परिस्थिति में रोड की चौड़ाई कम नहीं की जाए, लेकिन जेडीए ने अदालती आदेश का पालन नहीं किया। जिसे अवमानना के याचिका के जरिए चुनौती दी थी। अदालत ने मामले में आदेश का पालन नहीं होने पर जेडीसी को हाजिर होने का निर्देश दिया था। दरअसल विकास समिति ने हाईकोर्ट में पीआईएल दायर कर कहा था कि बदरवास के पास स्थित धर्म नगर में 80 फीट चौड़ी सेक्टर रोड पर अतिक्रमण हो गया है, लेकिन जेडीए ने भूखंड धारकों से मिलीभगत कर उनका नियमन कर दिया। इसलिए जेडीए को रोड का लेआउट प्लान बनाने का निर्देश दिया जाए।

# इंडिया ट्रेवल मार्ट का शुभारंभ

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य पर्यटन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, कई वरिष्ठ व्यक्तियों, देश के ट्रेवल व ट्रेड व्यवसाय के लोगों, ट्रेवल एजेंटों, टूर ऑपरेटरों तथा होटल व्यवसायियों की उपस्थिति में आज भारत के अग्रणी ट्रेवल एवं टूरिज्म शोकेस व कॉन्क्लेव- इंडिया ट्रेवल मार्ट (आई.टी.एम.), जयपुर की शुरूआत हुई। बी.एम. बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय आईटीएम, जयपुर का निदेशक, पर्यटन निशांत जैन, (आईएएस) ने उद्घाटन किया। यह बी2बी ट्रेवल एवं टूरिज्म शोकेस व कॉन्क्लेव 19 दिसंबर तक चलेगा।

इस आयोजन में पर्यटन मंत्रालय, गुजरात पर्यटन, राजस्थान पर्यटन, तमिलनाडु पर्यटन, मध्यप्रदेश पर्यटन, गोवा पर्यटन, हिमाचल प्रदेश पर्यटन, उत्तराखंड पर्यटन, जम्मू व कश्मीर पर्यटन, पंजाब पर्यटन सहित बड़ी संख्या में राज्यों की भागीदारी है। इनके अलावा सम्पूर्ण भारत से निजी भागीदारी भी देखने को मिल रही है, जिनमें द साल वुड फॉरेस्ट रिट्रीट, स्पा, ओमेगा होटल्स, होटल पार्क प्राइम जयपुर, होटल क्लेरियन बेला कासा जयपुर (हॉस्पिटेलिटी पार्टनर), बीएचटी ग्रुप ऑफ होटल्स तथा तलाई बाग पैलेस कुछ प्रमुख नाम हैं।



**बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किए जा रहे इंडिया ट्रेवल मार्ट का उद्घाटन शुक्रवार को पर्यटन निदेशक निशांत जैन ने किया।**

आईटीएम के प्रबंध निदेशक, अजय गुप्ता ने बताया कि आगामी सर्दियों और नववर्ष के सीजन को देखते हुए जयपुर और आसपास के शहरों के लोगों को विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए पैकेज भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस शोकेस व कॉन्क्लेव के आयोजन का मूल उद्देश्य दुनिया भर में पर्यटन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# हेल्थ और वेलबीइंग की दिशा में लोगों को जागरूक करना जरूरी

## वर्ल्ड हैल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल का आगाज

**जयपुर,** (का.सं.)। वर्ल्ड हैल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल का आगाज आज जयपुर में हुआ। एचएच आचार्य लोकेश मुनि, अन्नू कपूर, मिकी मेहता और पं सुरेश मिश्रा ने इसका उद्घाटन किया। अभिनेता, गायक अन्नू कपूर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। इस मौके पर आचार्य डॉ. लोकेश मुनी ने होलिस्टिक वेलबीइंग के महत्व और शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक वेलबीइंग को समान महत्व दिए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि इस महामारी के बाद के समय में हेल्थ और वेलबीइंग की दिशा में आम लोगों को जागरूक करना जरूरी है, क्योंकि अब मानसिक और शरीर से जुड़ी बीमारियों में वृद्धि देखी गई है। वेलबीइंग का मतलब बस फिजिकल हेल्थ नहीं होता है बल्कि इसमें मानसिक और व्यवहार भी शामिल होता है।

- **कार्यक्रम में पहले दिन युवाओं की मेंटल हैल्थ पर बात हुई**

डॉ. शिव गौतम, अमित अग्रवाल और डॉ जयश्री पेरीवाल ने केज्ड यूथ के मुद्दे पर चर्चा की। इस सत्र में यंग जेनरेशन को आगे बढ़ने और बेहतर करने के लिए एक खुला और उदार माहौल तैयार करने के महत्व पर जोर दिया गया। बेवजह की उम्मीदों का बोझ डालना और सामाजिक दबाव युवाओं को वो करने से रोक सकता है जो वो कर सकते हैं। युवा लोगों को एक एक माहौल की जरूरत है जहां वो बंधे-बंधे न महसूस कर आजाद महसूस करें।

इस आयोजन में 100 से ज्यादा विशेषज्ञ चर्चा के लिए मौजूद हैं। एक सत्र में डॉ. आदित्य सोरल, डॉ. आशीष मित्तल और डॉ. विक्रम शर्मा ने रिलेक्स करने और फिर से तैयार होने के लिए शरीर को समय देने के महत्व पर जोर दिया। इसमें खेल के बीच में ब्रेक के महत्व और चोट लगे रहने या दर्द रहने पर क्यों आगे न खेलें इस पर बताया गया। उन्होंने इन चोटों से बचने और जब चोट लग जाए तो क्या करें इस पर सुझाव भी दिए। वहीं डॉ बलविंदर ठक्कर, डॉ. संदेश मायेकर और डॉ. अश्विन जावडेकर ने हेल्दी स्माइल्स फॉर हेल्दीलिविंग पर एक सत्र आयोजित किया। इस सत्र में स्वस्थ दांतों और स्वस्थ मसूड़ों के महत्व और व्यक्ति के सामान्य स्वास्थ्य के साथ इसके संबंध पर बताया गया। दांतों का अच्छा रहना न केवल एक आकर्षक पर्सनल्टी के लिए जरूरी है बल्कि बीमारी से दूर एक हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए भी यह जरूरी है।

# पुलिस उपाधीक्षक स्तर के 232 अफसरों के तबादले

**जयपुर,** (कासं)। पुलिस महानिदेश एमएल लाठर ने शुक्रवार को पुलिस महकमें में बड़ा फेरबदल किया है। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक स्तर के 232 अधिकारियों के तबादले किए हैं।

आदेश के अनुसार इनमें प्रोबेशन पीरियड में चल रहे 64 आरपीए को फील्ड पोस्टिंग दी गई है। वहीं आरपीएस अशोक कुमार चौहान को दूदू, आलोक कुमार को एसीपी वैशाली नगर, चंद्रसिंह रावत को एसीपी आमेर, हवा सिंह को एसीपी आदर्श नगर, मेघचंद मीणा एसीपी बस्सी, शिवकुमार भारद्वाज को वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़, महावीर सिंह को एसीपी माणक चौक, महेन्द्र कुमार गुप्ता एसीपी शास्त्री नगर, प्रमोद कुमार स्वामी एसीपी झोटवाड़ा, देवी सहाय मीणा एसीपी मानसरोवर, जुल्फिकार एसीपी सदर, दरजा राम बोस एसीपी ट्रेफिक साउथ, श्याम सुंदर सिंह एसीपी ट्रेफिक वेस्ट, नेमीचंद खारिया एसीपी ट्रेफिक नोर्थ, ओमप्रकाश सोलंकी एसीपी ट्रेफिक, सुरेश सांखला एसीपी कोतवाली, देवेन्द्र सिंह एसीपी बगरू, रामनिवास विश्नोई एसीपी सांगानेर, केके अवस्थी एसीपी चाकसू, राजकंवर एसीपी कंट्रोल रुम, रणवीर सिंह एसीपी महिला सेल, धर्मेन्द्र कुमार एसीपी मेट्रो और संजय आर्य उपाधीक्षक एसएचओ साइबर थाना लगाया गया है।

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंडक

**जयपुर**। राजस्थान में हिमालय की तरफ से आने वाली उत्तरी हवाओं का प्रभाव शुरू हो चुका है, परिणामस्वरूप राजधानी जयपुर में बीते 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार 20-21 दिसम्बर को भी कहीं-कहीं शीतलहर दर्ज की जाएगी। शुक्रवार को राज्य के उत्तरी भागों में ठंडक व कोहरा दिखा।

## जयपुर के अजीत सोनी को ग्लोबल फेम अवॉर्ड-2021 से नवाजा

**जयपुर** । शहर के अजित सोनी को कोविड की महामारी में घरो में उत्कृष्ट मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए ग्लोबल फेम अवॉर्ड 2021 से सम्मानित किया गया। कोलकाता के होटल हॉलिडे इन में आयोजित एक समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री बिपाशा बासु ग्रोवर द्वारा यह पुरस्कार मेडीलाइव होम हेल्थ केयर संस्था के डायरेक्टर अजीत सोनी को दिया गया।

## सार-समाचार

### युवती से दुष्कर्म करने वाला दबोचा

**जयपुर** (कासं)। महिला को शादी करने का झांसा देकर कई महीनों तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को हरमाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह पिछले करीब छह महीनों से गुजरात में फरारी काट रहा था। डीसीपी (पश्चिम) ऋचा तोमर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नरेंद्र सिंह (29) सीकर जिले में राणोली तहसील के रलावता गांव का रहने वाला है। वह पिछले कुछ अरसे से जयपुर में हरमाड़ा क्षेत्र में एक कॉलोनी में किराए से रह रहा था। यहां प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। इस संबंध में 25 साल की एक युवती ने हरमाड़ा थाने में गत 16 अगस्त को केस दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि नरेंद्र सिंह उनके मकान में किराए से रहता था। आपसी मेलजोल और बाचतीत से नजदीकियां बढ़ने लगी। तब नरेंद्र ने प्यार का नाटक करते हुए युवती से शादी करने की बात कही। इस तरह बातों में फंसाकर नरेंद्र सिंह ने मौका पाकर दुष्कर्म किया। करीब एक साल तक देह शोषण का यह सिलसिला चलता रहा। जब युवती ने शादी करने का दबाव डाला तब नरेंद्र सिंह रातोंरात सामान समेटकर भाग निकला। वह करीब दो महीनों तक कमरे पर वापस नहीं लौटा और न ही युवती से संपर्क किया। इस पर पीड़िता ने हरमाड़ा थाने पहुंचकर केस दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल की तब छह महीने से फरार आरोपी के गुजरात में छिपे होने का पता चला। आखिरकार, पुलिस टीम ने नरेंद्र सिंह को पकड़ा और उसे जयपुर ले आए। पुलिस अब उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

### ब्यूटी पेजेंट में मॉडल्स का सम्मान होगा

**जयपुर** (कासं)। ब्यूटी पेजेंट, फैशन वीक और अवार्ड शो "फॉरएवर मिस एन्ड मिसेज इंडिया 2021" का आगाज शुक्रवार को जयपुर की होटल मैरियट में हुआ। यह समारोह 20 दिसंबर तक चलेगा। समारोह के पहले दिन रंग-बिरंगी शाम में अलग-अलग जगह से आईं सिटी विनर्स की क्राउनिंग सेरेमनी हुई। आयोजक राजेश अग्रवाल ने बताया कि यह चार दिन का मेगा फैशन इवेंट है। जिसमें पहली बार किसी मंच पर 300 मॉडल्स की क्राउनिंग व 250 अवार्डीज को एक साथ सम्मानित किया जा रहा है। इस पूरे कार्यक्रम में मॉडल्स की क्राउनिंग को तीन कैटेगरीज में बांटा गया है, जिसमें सिटी, स्टेट व नेशनल विनर्स शामिल हैं। विनर्स को वर्चुअल तरीके से ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें लंदन फैशन वीक के कोरियोग्राफर उत्सव ढोलकिया समेत अन्य ग्रूमर्स शामिल थे। शुक्रवार को पहले दिन 100 सिटी विनर्स की क्राउनिंग की गई है। इसके साथ ही विनर्स ने डिज़ाइनर ड्रेसेज में रैंप वॉक कर अपने टैलेंट व खूबसूरती को भी सबके सामने शोकेस किया। कल स्टेट विनर्स व परसों नेशनल विनर्स की क्राउनिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद आखिरी दिन 20 दिसंबर को अवॉर्ड शो के दौरान 250 से अधिक लोगों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

### प्रतीक अध्यक्ष, राहुल सह अध्यक्ष बने





**जयपुर** (कासं)। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) से जुड़े यंग इंडियंस (वाई.आई.) के जयपुर चैप्टर ने अपने नये पदाधिकारियों की घोषणा की है। बैठक में प्रतीक अग्रवाल को अध्यक्ष और राहुल सिंघी को सह अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। दोनों ही पदाधिकारियों ने जयपुर चैप्टर के समावेशी विकास पर अपने विचार साझा किये। प्रतीक मिनरल्स के प्रोपराइटर प्रतीक अग्रवाल पिछले छह वर्षों से वाई.आई. के सक्रिय सदस्य है। इसी प्रकार राहुल सिंघी वास्तुकार है, जो कि दूसरी पीढ़ी के शिक्षा-उद्यमी और काम पर नवाचार तलाशने वाले आशावादी व्यक्ति है।

### टैक्स चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर** (कासं)। सीजीएसटी की कर अपवंचना शाखा ने 7 फर्जी फर्मों का संचालन करके टैक्स चोरी करने के मामले में जयपुर के प्रताप नगर स्थित कुंभा मार्ग निवासी आरोपी आशीष खंडेलवाल को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने करीब 3.15 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की है। फिलहाल विभाग की टीम आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।


# गुब्बारों में हवा भरने वाला सिलेंडर फटा, दो घायल

**जयपुर** (कासं)। विद्याधर नगर इलाके में शुक्रवार को गुब्बारों में गैस भरने वाला सिलेंडर फट गया। हादसे में नजदीक ही खेल रहे एक दो साल का बच्चा और 8 साल की बच्ची घायल हो गई। इनमें गंभीर रुप से जख्मी बच्ची को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया।

जानकारी के अनुसार यह हादसा पुराना विद्याधर नगर में डी ब्लॉक में हुआ। दोपहर करीब 12:30 बजे एक व्यक्ति कॉलोनियों में गैस के गुब्बारे बेचने घूम रहा था। जिसकी साइकिल पर लोहे का एक सिलेंडर भी लटका हुआ था। वह व्यक्ति डी ब्लॉक में पहुंचा। वहां संकरी गली में एक मकान के बाहर खड़ा होकर गुब्बारों में सिलेंडर से हवा भर रहा था। तभी गैस से भरा सिलेंडर फट गया। धमाके की आवाज से लोगों में दहशत हो गई। वे दौड़कर मौके पर पहुंचे। ब्लास्ट से गैस का सिलेंडर फटकर नाली में जा गिरा। गुब्बारे वाले की साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के वक्त पास ही खड़े 2 साल के राज के हल्की चोट आई। जबकि 8 साल की आयशा भी जख्मी हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। इससे पहले लोगों ने जख्मी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। 2 साल के राज को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। फिलहाल गुब्बारे बेचने वाले का पता नहीं चला है।

## प्रदेश में साढ़े तीन लाख लोगों को लगी कोविड वैक्सीन

**जयपुर,** (कासं)। प्रदेश में शुक्रवार को साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोगों को कोविड टीके लगाए गए। इसके साथ ही राज्य में अब तक 7.61 करोड़ लोगों को टीके लगाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार को 3 लाख 59 हजार 311 लोगों का कोविड वैक्सीनेशन किया गया है। इसमें 76 हजार 177 लोगों को पहली तथा 2 लाख 83 हजार 134 लोगों को दूसरी डोज दी गई। इनमें 18 प्लस वाले 59 हजार 618 को पहली और 2 लाख 2 हजार 188 लोगों को दूसरी खुराक दी गई। वहीं 45 साल से अधिक उम्र वाले 16544 लोगों को पहली और 79414 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई है।



**कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देशानुसार सवाईमाधोपुर के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील शर्मा को उत्तरप्रदेश चुनाव-2022 का राष्ट्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपने यू.पी. प्रवास के दौरान सहसहयोगी जयपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर डॉ. हिमांशु वशिष्ठ के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष अजय सिंह के साथ शिष्टाचार भेंट की और चुनावों कें संबंध में चर्चा की। कहा जा रहा है कि सुनील शर्मा बीते कई वर्षों से प्रियंका गांधी के विश्वासपात्रों में से एक हैं।**

# जयपुरिया अस्पताल में मॉडल व्हीलचेयर क्लिनिक बनाने की पहल शुरू

**जयपुर,** (कासं)। जयपुर सिटीजन फोरम और जयपुरिया अस्पताल ने मोटिवेशन इंडिया के सहयोग से प्रोजेक्ट "जेसीएफ-विराज" नाम से एक नई पहल शुरू की। यह परियोजना विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशों के अनुसार पूरी तरह सुसज्जित मॉडल व्हीलचेयर क्लिनिक बनाने पर केंद्रित है। आने वाले तीन वर्षों में यह परियोजना 600 विकलांग बच्चों और वयस्कों को व्हीलचेयर प्रदान करने की इच्छा रखती है। उद्देश्य है कि लोगों को न केवल व्हीलचेयर मिले, बल्कि उन्हें सही व्हीलचेयर मिले, जो स्वास्थ्य और गतिशीलता के लिए आवश्यक है।



**जयपुर सिटीजन फोरम और जयपुरिया अस्पताल ने मोटिवेशन इंडिया के सहयोग से प्रोजेक्ट 'जेसीएफ-विराज' का शुभारंभ किया।**

गजानंद शर्मा, आयुक्त और विशेष सचिव, विशेष रूप से विकलांग व्यक्ति निदेशालय ने कहा, व्हीलचेयर प्रावधान में महत्वपूर्ण कारक उपयोगकर्ता और अनुकूलन के लिए व्हीलचेयर की उपयुक्तता है। यह परियोजना ठीक इन्हीं पहलुओं पर केंद्रित है। सरकार के विशेष रूप से विकलांग व्यक्ति निदेशालय। राजस्थान सरकार इस परियोजना के लिए पूरा सहयोग देगी।" जयपुरिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अशोक गुप्ता ने कहा, हमें खुशी है कि हमने राजस्थान में जयपुरिया अस्पताल से इस परियोजना की शुरुआत की है। अगले 3 वर्षों में हम सरकारी पुनर्वास पेशेवरों की क्षमता और क्षमता के निर्माण और एक स्थायी प्रणाली बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आखिरकार हम गतिशीलता में कमी के लिए एक मॉडल क्लिनिक बनाना चाहते हैं, जो राजस्थान और उसके बाहर दीर्घकालिक समाधान से सभी प्रकार की गतिशीलता की कमी को पूरा करता है। जयपुर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष राजीव अरोडा ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि यह अनूठी पहल जयपुर में शुरू हो रही है और इससे न केवल जयपुर के नागरिकों को लाभ होगा बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण होगा।

## माइक्रोन्यूरो सर्जरी से महिला का ब्रेन ट्यूमर निकाला


**जयपुर** । राजस्थान अस्पताल की टीम ने माइक्रो न्यूरोसर्जरी से एक 40 वर्षीय महिला के ब्रेन से बड़ ट्यूमर निकाला है। इस महिला के नाक के रास्ते दिमाग के पिट्युटरी ट्यूमर का ऑपरेशन पहले हो चुका था, लेकिन यहां दुबारा ट्यूमर बन जाने के कारण रीडूसर्जरी की जरूरत पडी। ऐसे में पहले जिस सेंटर पर ऑपरेशन हुआ, वहां के अलावा शहर के कई न्यूरोस्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने ऑपरेशन से मना कर दिया। इसके बाद मरीज राजस्थान अस्पताल लाई गई थी। उस दौरान लकवे के कारण मरीज के हाथ पैरों ने काम करना कम कर दिया था। आंखों से भी दिखाई देना बहुत कम हो गया था। जांच में पता चला कि मरीज के दिमाग़ में दुबारा विकसित ट्यूमर पहले से तीन गुणा ज़्यादा बडा लगभग 6 सेमी का हो गया है। इस टयूमर ने मरीज के दिमाग की मुख्य धमनी और नसों को चारों और से घेर लिया था। राजस्थान अस्पताल में कार्यरत बरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. अनिल कोठीवाला ने बताया कि इस केस में यह प्रोसीजर करीब 8 घंटे चला। ऑपरेशन के तुरंत बाद मरीज को होश आ गया।

# 'पांच करोड़ के विकास कार्यों की मंजूरी यूडीएच मंत्री से लेने का आदेश अलोकतांत्रिक'

- **स्थानीय निकायों के प्रशासनिक व वित्तीय अधिकारों का हनन करके लोकतंत्र को कमजोर कर रही है सरकार : कर्णावत**

**जयपुर** । जयपुर ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावत ने कहा कि " राज्य की सभी 213 नगरीय निकायों में 5 करोड़ व उससे अधिक के कार्यों के लिए तकनीकी स्वीकृति जारी करने से पहले यूडीएच मंत्री की स्वीकृति लेने का अनिवार्यता आदेश अलोकतांत्रिक है।"

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निरंतर दखलन्दाजी करके स्थानीय निकायों को पंगु बनाने का प्रयास कर रही है, जो कि अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थानीय निकायों के प्रशासनिक व वित्तीय अधिकारों का हनन करके सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। इससे निकायों के गठन का उद्देश्य ही खतरे में पड़ गया है। कर्णावट ने कहा कि स्थानीय निकाय जनता से चुनकर आए प्रतिनिधियों की एक स्वतंत्र स्वायत्तशासी संस्था है। जनता की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप जनहित के मुद्दों पर चर्चा के बाद बोर्ड द्वारा प्रशासनिक व वित्तिय स्वीकृति के पश्चात तकनीकी स्वीकृति मिलने पर वार्डों में विकास कार्य किए जाते हैं। लेकिन राज्य सरकार के आदेश के बाद बोर्ड द्वारा जारी स्वीकृत कार्यों की क्रियान्विति से पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री से स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा। इससे प्रक्रिया में अत्यधिक समय तो लगेगा ही साथ ही नगर निकायों का औचित्य ही गौण हो जाएगा। पुनीत कर्णावट ने कहा कि सरकार के बेवजह दखल से प्रक्रिया में अत्यधिक समय खर्च होगा, जिसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ेगा, इसलिए राज्य सरकार को स्थानीय निकायों के अधिकारों में अनावश्यक दखलन्दाजी तुरन्त बंद करनी चाहिए।



## International Migrants Day

A broad range of factors continue to determine the movement of people. They are either voluntary or forced movements as a result of the increased magnitude and frequency of disasters, economic challenges and extreme poverty or conflict. Approximately 281 million people were international migrants in 2020, representing 3.6 per cent of the global population. All these will significantly affect the characteristics and scale of migration in the future and determine the strategies and policies countries must develop.



#EVENT

# Gems & Jewellery Galore



The 17th edition of Jaipur Jewellery Show will take place from 24 December to 27 December this year. To be held at the Jaipur Exhibition and Convention Centre in Sitapura, the show will witness booths displaying jewellery, gemstones, costumes, artefacts, among others. Around 40,000 domestic and foreign visitors are expected to attend the show.

**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*

With the objective of giving an impetus to the Gems and Jewellery trade and positioning the Pink City on the World Gem & Jewellery Map, the annual Jaipur Jewellery Show (JJS) began in 2003 under the leadership of Late Rashmikant Durlabhji. While it started with just 67 stalls in the first edition, it grew from strength to strength each year and also witnessed better venues and facilities for its exhibitors and buyers making the show a force to reckon with not just in India but also internationally. Owing to the Covid-19 Pandemic, the show could not be organized each year. However, this year the exhibition will be organized from 24 December to 27 December at the Jaipur Exhibition and Convention Centre in Sitapura.

### 800 Booths at the 17th JJS

Popularly known as The December Show, the 17th edition of Jaipur Jewellery Show will witness a whopping 800 booths this year. Out of these 800 booths, 500 will display jewellery, 204 will display gemstones, 64 will display machinery and 10 will showcase costumes, articles and artefacts. A unique aspect of the show is that not only the products but the way stalls are aesthetically created by each exhibitor is an added attraction.

JJS will also be providing free stalls to 15-20 budding jewellery designers. Apart from this, there will also be a stall of 'Museum of Gem and Jewellery Federation' in Jaipur. This time JJS will be attended by 82 new participants and several national brands. The show is expected to be attended by 40,000 domestic and foreign visitors who will get the opportunity to witness the latest and the finest of what the Gems & Jewellery industry has to offer. As many as 400 retailers have also confirmed their participation for the 17th JJS.

### JJS-IJ Jewellers' Choice Design Awards

JJS-IJ Jewellers' Choice Design Awards, powered by GIA, will be held once again this year. Now in its 11th year, 'JJS-IJ Jewellers' Choice Design Awards' has created a special place in the hearts of jewellery connoisseurs in and around India.

Over 600 designs have participated in the IJ Awards this year. From these, over 100 designs were evaluated by the eminent jury. The awards will be given away in a glamourous ceremony on the evening of 24 December at JECC Convention Centre by a Bollywood film star.

### Jaipur Jewellery Design Festival (JJDF)

To celebrate and promote designers in all its glory, Jaipur Jewellery Show is hosting Jaipur Jewellery Design Festival (JJDF) for the third time this year again.

The festival will have various activities including product display by eminent designer brands, an art gallery to display gemstones artistically, seminars and panel discussions, virtual display of jewellery etc. along with a library, cafeteria, and live music to give a festive look. This year JJDF will give a platform to the students of 5 to 6 prominent designing institutes where these budding designers will display their creations.

This JJDF 2021 will also have women-centric activities where the artwork of selected women jewellers and artisans will be displayed in a very aesthetic manner. The Organizing committee of JJS has also decided to felicitate women designers for their remarkable contribution to the trade through their skill and work.

**It's Time to Sparkle**

यह वनडे सीरीज़, विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा है। इसलिए वेस्टइंडीज़ नहीं चाहता कि वह आधे-अधूरे खिलाड़ियों के साथ कोई वनडे सीरीज़ खेले, जिससे उसके विश्व कप क्वालीफ़िकेशन पर प्रभाव पड़े। विज्ञप्ति में कहा गया है कि निगेटिव आने वाले दल के सदस्य गुरूवार देर शाम को टी20 मैच खेलने के बाद वेस्टइंडीज वापस लौट जाएंगे, वहीं कोरोना पॉज़िटिव सदस्यों का कराची में ही आइसोलेट रहना जारी रहेगा। हालांकि पीसीबी क्रिसमस से पहले उन्हें उनके घर पहुंचाने की व्यवस्था करेगी। इस दौरान पाकिस्तानी दल का भी कोरोना टेस्ट किया गया, जिसमें सभी सदस्य निगेटिव पाए गए।

## जयपुर की खुशी ने महिला प्रो गोल्फ टूर के 15वें और अंतिम चरण में जीता पहला खिताब

कोलकाता, 17 दिसंबर। जयपुर की गोल्फर खुशी खानिजाऊ ने शुक्रवार को रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 15वें और अंतिम चरण में पहली बार खिताब जीता। खुशी 2021 में जाह्नवी बख्शी के बाद पहली बार खिताब जीतने वाली पांचवीं गोल्फर बनीं हैं। इससे पहले सहर अटवाल, लखमेहर परदेसी और पेशेवर अवनी प्रशांत ने जीत दर्ज की थी। खुशी, जिन्होंने अपना अधिकतर शुरुआती गोल्फ जयपुर के राम बाग गोल्फ क्लब में सीखा, ने अंतिम चार होल में तीन बर्डी के दम पर 72 का शानदार स्कोर बनाया। इस दौरान उन्होंने 16वें होल में एक बोगी भी मारी। उनका 72 का कार्ड दिन का सबसे अच्छा स्कोर रहा। इसकी बदौलत उनका कुल 229 का स्कोर रहा, जो पेशेवर स्मृति भार्गव (77), श्वेता मानसिंह (77) और ओवरनाइट लीडर सहर अटवाल (80) की तिकड़ी से बेहतर था। उल्लेखनीय है कि 21 वर्षीय खुशी 2018 में पेशेवर गोल्फर बनीं थी और इसी साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आया था। 2018 में हैदराबाद के बोल्डर हिल्स में वह अमनदीप द्राल से पीछे त्वेसा मलिक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं थीं। पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर पहले वर्ष में अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें 'रूकी ऑफ द ईयर' भी चुना गया था।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समन्वित

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]

कब्जा नोटिस

(अचल सम्पत्ति का)

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समन्वित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 24.10.2019 को एक मांग नोटिस कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. भीम सिंह यादव, 2. सुन्दर लाल यादव को जारी किया गया था जिसमें 24.10.2019 की तिथी को नोटिस में उल्लेखित राशि रूपये 50,20,857.06/- (रूपये पचास लाख बीस हजार आठ सौ सत्तावन और पैसा छः मात्र) का भुगतान उपर्युक्त निर्दिष्ट नोटिस की प्राप्ती की तिथी से 60 दिन के अन्दर करने के लिये कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज दिसम्बर 2021 के 13वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समन्वित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशि रूपये 50,20,857.06/- (रूपये पचास लाख बीस हजार आठ सौ सत्तावन और पैसा छः मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

सम्पत्ति वार्ड नं. 18 (नया वार्ड नं. 22) कस्बा, चौमूं, जिला जयपुर, राजस्थान - 303702 का पूरा व प्रत्येक भाग

दिनांक- 13.12.2021
स्थान - जयपुर
ऋण खाता सं.- 13845613

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समन्वित


## सना, प्रियांशी, अर्चिशा और अनुष्का सेमी फाइनल में

जयपुर, 17 दिसम्बर। जयपुर जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में 17 वर्ष की लडकियों में सना काजल, प्रियांशी सैनी, अर्चिशा बेनीवाल और अनुष्का माहेश्वरी सेमीफाइनल में पहंचा गयी है। सना काजला ने व्र्वाटटर फाइनल में श्रीपर्णा व्यास को 15-3, 15-4, प्रियांशी सैनी ने काजल को 5-15, 15-14, 15-14 से तथा अनुष्का माहेश्वरी ने कनक कूलवाल को 15-9, 13-15, 15-6 से हराया। 15वर्ष की लडकियों ने सोम्या भटनागर ने उलफेयर करते हुए अनुष्का माहेश्वरी को 15-14, 6-15, 15-13 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रियांशी सैनी, स्नहो लाम्बा और आश्वी चौपड़ा निम्न मैच जीत अंतिम चार में पहुंची। 17 वर्ष क लडकों मं राज शुक्ला, सत्विक, आर्यन त्यागी और कार्तिक जैन भी सेमीफाइनल में पहुंच गये है। 19 वर्ष के लडकों में राज शुक्ला, अंश, आर्यन त्यागी, हर्षित गुप्ता, विभोर पारीक, सान्यिक अवस्थी सौरभ उपाध्याय और कार्तिक जैन व्र्वाटर फाइनल में पहुंचे।

## धीमे ओवर रेट के लिए इंग्लैंड के पांच के बजाय आठ डब्ल्यूटीसी अंक कटे

एडिलेड, 17 दिसंबर। मौजूदा एशेज सीरीज में जहां ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का दबदबा जारी है, वहीं इंग्लैंड को एडिलेड में चल रहे डे नाइट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को एक और झटका लगा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गाबा में खेले गए पहले एशेज टेस्ट में धीमे ओवर रेट के लिए इंग्लैंड के पांच के बजाय अब आठ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक काट लिए हैं, हालांकि मैच फीस 100 फीसदी ही काटी गई है।

आईसीसी ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि इंग्लैंड पर पांच के बजाय आठ अंक का जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि यह पाया गया है कि इंग्लैंड ने निर्धारित समय में पांच नहीं, बल्कि आठ ओवर कम फेंके थे। इंग्लैंड की हालांकि 100 फीसदी मैच फीस ही काटी जाएगी। उल्लेखनीय है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 में अब तक पांच टेस्ट मैचों में इंग्लैंड ने दस पेनल्टी ओवर किए हैं। परिणामस्वरूप उसे दस अंकों का नुकसान हुआ है। वह अब छह अंकों और 10 फीसदी की जीत प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड ने अब तक तीन मैच हारे हैं, जबकि एक ड्रॉ और एक जीता है।


## कार्यालय नगरपालिका देवली ( टोंक ) राज.

क्रमांक:- न.पा.दे./प्र.श.के.स.अभि-2021/18533 दिनांक:- 17.12.21

### आपत्ति आमन्त्रण सूचना

एतद्द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा स्टेट ग्रान्ट का पट्टा, लीजडीड/पट्टा, कृषि भूमि नियनन, लघु लीज नियमन, खांचा भूमि आवंटन, नामान्तरण, भवन निर्माण अनुज्ञा, पूर्व पट्टा समर्पण कर नया पट्टा चाहा गया है। किसी भी व्यक्ति को निम्नाकित इजाजत बाबत् आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर म्याद विधिमन्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद म्याद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | नाम प्रार्थी | मौहल्ला | भूखण्ड संख्या/नाप | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हनुमानप्रसाद कुमावत पुत्र श्री रामनाथ कुमावत | ठक्कर चौक, वार्ड सं. 23 देवली | 19'.00"x30.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 2 | श्री सुनील कुमार शर्मा, श्री विनय कुमार शर्मा पुत्र श्री दुर्गेशचन्द्र शर्मा | जनता कॉलोनी, वार्ड सं. 15 देवली | 30'.00"x40.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 3 | श्री चांदमल पुत्र श्री दुर्गानलाल टांक | सी-19, पटेलगनर, देवली | 25'.00"x64.'00 | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 4 | श्री हेमेन्द्र तेली पुत्र श्री गणपतलाल | तेली मोहल्ला, वार्ड सं. 13, देवली | 16'.3"x50.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 5 | श्रीमती गुलाब देवी पत्नी श्री दुर्गालाल परिहार | भू. सं. 08, तेली मोहल्ला, वार्ड सं. 13 देवली | 20'.00"x25.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 6 | श्रीमती संतरा मादीवाल पुत्री श्री धन्ना मादीवाला | भू.सं. 15 पटेल नगर वार्ड सं. 25, देवली | 35'.00"x40.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 7 | श्रीमती रतन देवी पत्नी श्री प्रभूलाल बैरागी | भू.सं. 10 पटैलनगर, वार्ड सं. 20 देवली | 40'.00"x60.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 8 | श्री किशनलाल सिंहल पुत्र श्री नन्दकिशोर सिंहल | कुम्हार मोहल्ला, वार्ड सं. 10, देवली | 7'.9"x37'.9" | लघु अवधि लीज नियमन |
| 9 | श्री प्रवीण कुमार माहेश्वरी पुत्र श्री शिवराज माहेश्ववरी | ए-18, पटेलनगर, देवली | 20'.00"x49.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 10 | श्री मोहित साहू पुत्र श्री मोहनलाल साहू | भूं.सं. 120 का भाग, बंगाली कॉलोनी, वार्ड सं. 01, देवली | 15'.00"x16.'00" 10'6"x20'.00 | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 11 | श्रीमती लाली देवी पत्नी मनोज कुमार हरिजन | हरिजन मोहल्ला, वार्ड सं. 03, देवली | 30'.00"x30.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 12 | श्रीमती ममता जैन पत्नी श्री धर्मचन्द जैन | भूं.सं. 01 का भाग, न्यायालय के पश्चिम दिशा में, वार्ड सं. 12 देवली | 10'.00"x20.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 13 | श्री धर्मचन्द जैन पुत्र श्री रामपाल जैन | भूं.सं. 01 का भाग, न्यायालय के पश्चिम दिशा में, वार्ड सं.12 , देवली | 20'.00"x20.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 14 | श्री अविनाश पुत्र नाथूलाल जाट | भू. सं. 22 का भाग, टेगोर नगर, वार्ड सं. 16 , देवली | 14'.00"x64.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 15 | श्री नीरज पुत्र नाथूलाल जाट | भू.सं. 22 का भाग, टेगोर नगर वार्ड सं. 16 देवली | 16'.00"x64.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 16 | श्री रामप्रसाद तेजी पुत्र हाबूडा हरिजन | भू. सं. डी-18ए, हरिजन मोहल्ला, वार्ड सं. 01 देवली | 30'.00"x30.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |
| 17 | श्री रमेशचन्द सिखवाल पुत्र श्री मिश्रीलाल सिखवाल | भू. सं. 37 गांवडी हाऊस के पीछे, वार्ड सं. 16 देवली | 35'.00"x40.'00" | लीज डीड/ पट्टा विलेख |

सुरेश कुमार मीणा
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका देवली


## गोवा के सामने फॉर्म में चल रहे हैदराबाद पर काबू की मुश्किल चुनौती

बैम्बोलिन, 17 दिसम्बर। खराब शुरुआत के बाद जीत की राह पर लौटे एफसी गोवा के सामने फॉर्म में चल रहे हैदराबाद एफसी पर काबू पाना एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य होगा। ये दोनों ही टीमें बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के लीग मुकाबले में जीत की हैट्रिक पूरी करने उतरेंगी। शनिवार को यह दिन का दूसरा मुकाबला रात साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा।

अगर दोनों के बीच पिछले रिकॉर्ड पर नजर डाले तो गोवा का पलड़ा भारी रहा है लेकिन इस समय फॉर्म हैदराबाद के पक्ष में नजर आती है। हैदराबाद पिछले चार मुकाबलों में गोवा पर एक भी जीत दर्ज सका है। उसे इन चार मैचों में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है। गोवा ने एससी ईस्ट बंगाल पर 4-3 और फिर बेंगलुरू एफसी पर 2-1 की जीत से तीन लगातार हार के सिलसिले को समाप्त किया है।

स्पेनिश कोच जुआन फर्नांडो टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर है तथा वो और आगे बढ़ना चाहेगी लेकिन जोर्गे ओर्टिज जैसे अहम स्पेनिश फॉरवर्ड की अनुपस्थिति में यह असान नहीं होगा। ओर्टिज को पिछले मैच में हीरो आईएसएल का अपना पहला रेड कार्ड देखना पड़ा, लिहाजा वह अगामी मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

कोच फर्नांडो ने कहा, मेरे लिए महत्वपूर्ण यह है कि खिलाड़ी 90 मिनट तक एकाठा होकर खेले। चोटें और जोर्गे का रेड कार्ड कोई मायने नहीं रखते हैं क्योंकि ये टीम का ध्यान भटकाते हैं। उधर, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 5-1 से रौंदने के बाद हैदराबाद एफसी पूरे आत्मविश्वास के साथ अगामी मैच में उतरेगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने 473 के विशाल स्कोर पर घोषित की पारी

## लाबुशेन का शतक, स्मिथ शतक से चूके



एडिलेड, 17 दिसंबर। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन (103) के शानदार शतक और डेविड वार्नर (95) तथा स्टीवन स्मिथ (93) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पिंक बॉल से खेले जा रहे दूसरे डे नाइट एशेज टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को 150.4 ओवर में नौ विकेट पर 473 रन का विशाल स्कोर बना कर पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड ने इसके जवाब में स्टंप्स तक दो विकेट खोकर 17 रन बना लिए। वह अभी पहली पारी में 456 रन से पीछे है।

रोरी बर्न्स चार रन बनाकर मिशेल स्टार्क का शिकार बने जबकि हसीब हमीद छह रन बनाकर माइकल नेसर की गेंद पर आउट हुए। स्टंप्स के समय डेविड मलान एक और कप्तान जो रुट पांच रन बनाकर क्रीज पर थे।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज दो विकेट पर 221 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 61.4 ओवर तक बल्लेबाजी की, जिसमें टीम ने सात विकेट खोकर 252 रन बनाए। लाबुशेन ने 95 और स्मिथ ने 18 के स्कोर से पारी को आगे बढ़ाया। लाबुशेन बेशक बड़ा स्कोर नहीं बना सके, लेकिन उन्होंने अपना पहला एशेज शतक लगाया। 241 के स्कोर पर लाबुशेन के रूप में ऑस्ट्रेलिया का तीसरा विकेट गिरा। वह 103 रन बना कर आउट हुए।लाबुशेन ने 305 गेंदों में आठ चौके लगाए।

फिर 291 के स्कोर पर पिछले मैच के हीरो रहे ट्रैविस हेड का विकेट गिरा, हालांकि स्मिथ ने एक छोर संभाले रखा। इसके तुरंत बाद 294 रन पर कैमरन ग्रीन आउट हो गए। इस बीच अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी क्रीज पर आए, तब जाकर जल्दी विकेट गिरने का सिलसिला थमा। उन्होंने स्मिथ के साथ सूझबूझ वाली पारी खेलते हुए छठे विकेट के लिए 91 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की, लेकिन 385 के स्कोर पर स्मिथ के रूप में ऑस्ट्रेलिया ने छठा विकेट खो दिया। स्मिथ 201 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 93 रन बना कर आउट हुए। इस बीच कैरी ने अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन वह लंबी पारी नहीं खेल पाए और 51 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर विकेट खो बैठे। 390 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया का यह सातवां विकेट था। कैरी ने 107 गेंदों पर पांच चौके लगाए। अंत में निचले क्रम के बल्लेबाजों स्टार्क और माइकल नेसर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अहम योगदान दिया। स्टार्क और नेसर ने आठवें विकेट के लिए 58 रन जोड़े और टीम को 448 के स्कोर तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर नेसर ने अपना विकेट गंवा दिया। नेसर ने 24 गेंदों पर 35 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। आठ विकेट गिरने के बाद स्टार्क ने मोर्चा संभालते हुए 25 रन और जोड़े तथा टीम को 473 के स्कोर पर पहुंचाया। बाद में झाई रिचर्डसन का विकेट गिरने पर ऑस्ट्रेलिया ने इसी स्कोर पर पारी घोषित कर दी। स्टार्क ने 39 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से नाबाद 39 रन बनाये। इंग्लैंड की तरफ से ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने सर्वाधिक तीन, जेम्स एंडरसन ने दो और स्टुअर्ट ब्रॉड, क्रिस वोक्स, ओली रॉबिंसन तथा कप्तान जो रूट ने एक-एक विकेट लिया।

# टाइम्स ऑफ इण्डिया ग्रुप के मोहित जैन आई.एन.एस. के अध्यक्ष बने

## वीडियो कॉन्फ्रैस के जरिए आई.एन.एस. का चुनाव आयोजित किया गया था

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। देश के अखबारों मैगज़ीनस और पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन की शीर्ष संस्था इंडियन न्यूज़ पेपर सोसायटी (आई.एम.एस.) की 82वीं महासभा आज वीडियो कॉन्फ्रेंस (वी.सी.) व अन्य ऑडियो-विज़ुअल साधनों के जरिए आयोजित की गई थी।

मोहित जैन (इकोनॉमिक टाइम्स) को वर्ष 2021-22 के लिए इंडियन न्यूज़ पेपर सोसायटी का अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने हैल्थ एण्ड द एन्टीसैप्टिक के एल. आदिमूलम का स्थान लिया है।

वर्ष 2021-22 के लिए के. राजा प्रसाद रेड्डी (साक्षी) राकेश शर्मा ( आज समाज) उपाध्यक्ष और तन्मय महेश्वरी (अमर उजाला) सोसायटी के मानद कोषाध्यक्ष होंगे।

मैरी पोल, सोसायटी की महासचिव बनी हैं।

आई.एम.एस. की कार्यकारी कमेटी के अन्य सदस्य हैं:

1.एस. बालसुब्रमण्यम (दैनिक थांथी)
2.गिरीश अग्रवाल (दैनिक भास्कर, भोपाल)
3.समाहित बाल (प्रगतिवादी)
4.गौरव चोपड़ा (फिल्मी दुनिया)
5.विजय कुमार चोपड़ा (पंजाब केसरी, जालंधर)
6.करण राजेन्द्र दर्डा (लोकमल, औरगांबाद)
7.विजय जवाहरलाल दर्डा (लोकमत, नागपुर)
8.जगत सिंह दर्दी (दैनिक यढ़दी कलां)
9.विवेक गोयनका (इंडियन एक्सप्रैस, मुम्बई)
10. महेन्द्र मोहन गुप्ता (दैनिक जागरण)
11. प्रदीप गुप्ता (डेटा क्वेस्ट)
12. संजय गुप्ता (दैनिक जागरण, वाराणसी)
13. शिवेन्द्र गुप्ता (बिज़नैस स्टैण्डर्ड)
14.विवेक गुप्ता (सन्मार्ग)
15. सरविन्दर कौर (अजीत)
16. एम.वी. श्रेयान्स कुमार (मातृभूमि आरोग्य मासिक)

■ राष्ट्रदूत के सोमेश शर्मा आई.एन.एस. कार्यकारिणी में निर्वाचित हुए हैं।

17. डॉ. आर. लक्ष्मीपति (दिनामलार)
18. विलास ए. मराठे (दैनिक हिन्दुस्तान, अमरावती)
19. हर्षा मैथ्यू (वनिता)
20. दिनेश मित्तल (हिन्दुस्तान टाइम्स, पटना)
21. नरेश मोहन (सण्डे स्टेट्समैन)
22. अनन्त नाथ (गृहशोभिका, मराठी)
23. प्रताप जी. पवार (सकला)
24. डी.डी. पुरकायस्थ (सकाल)
25. राहुल राजखेवा (द सैन्टिनल)
26. आर.एम. आर. रमेश (दिनकरन)
27. अतिदेब सरकार (द टेलीग्राफ)
28. प्रवीण सोमेश्वर (द हिन्दुस्तान टाइम्स)



29. किरण डी. ठाकुर (तरूण भारत, बेलगाम)
30. बीजू वर्गीज़ (मंगलम वीकली),
31. आई. वैंकट (अन्नदाता)
32. होर्मुसजी एन. कामा (बॉम्बे समाचार साप्ताहिक)
33. कुन्दन आर. व्यास (व्यापार, मुम्बई)
34. के.एन. तिलक कुमार (डैकन हैराल्ड तथा पुजावाणी)
35. रविन्द्र कुमार (द स्टेट्समैन)
36. किरन बी. वडोदरिया (सम्भाव मैट्रो),
37. पी.वी. चन्द्रन (गृहलक्ष्मी)
38. सोमेश शर्मा (राष्ट्रदूत साप्ताहिक)
39. जयन्त माम्मेन मैथ्यू (मलयाला मनोरमा)
40. शैलेश गुप्ता (मिड डे)
41. एल. आदिमूलम (हैल्थ एण्ड द एन्टीसैप्टिक)

# श्रीगंगानगर का 345 टन किन्नू ट्रेन से बांग्लादेश जाएगा

## 30 दिसम्बर को रवाना होगी ट्रेनः ट्रक में 5 दिन लगते थे, अब 2 दिन लगेंगे

श्रीगंगानगर, 17 दिसम्बर (निसं)। श्रीगंगानगर का किन्नू अब बांग्लादेश में भी अपनी मिठास घोलेगा। एक स्पेशल ट्रेन 30 दिसम्बर को 345 टन किन्नू लेकर श्रीगंगानगर से बांग्लादेश के लिए रवाना होगी।

इसके लिए किन्नू संघ ने रेलवे को इंडैंट सौंप दिया है। विदेश में बेचने के लिहाज से शहर के प्रमुख किन्नू व्यापारी किन्नू की वैक्सिंग, ग्रेडिंग आदि में जुट गए हैं। किन्नू की छंटाई करके इसे डिब्बों में पैक किया जा रहा है।

रेलवे ने 15 रैक की रेल चलाने की अनुमति दी है। किन्नू संघ के अध्यक्ष अरविंद गोदारा, सचिव श्यामलाल बगड़िया और अन्य पदाधिकारियों ने रेलवे को एक लाख रुपए की एडवांस किराया राशि जमा करवाई है। किन्नू संघ में शामिल व्यापारियों ने अपने प्रोडक्शन और जरूरत के हिसाब से ट्रेन में रैक बुक करवाए हैं। श्रीगंगानगर से किन्नू बांग्लादेश भेजने में अब तक पांच दिन तक लगते थे। यह ट्रक से बांग्लादेश सीमा तक पहुंचाया जाता था। इसमें पांच दिन लगते थे, लेकिन अब दो दिन से भी कम समय लगेगा।

किन्नू 40 घंटे में बांग्लादेश बॉर्डर के बनगांव तक पहुंच जाएंगे। बनगांव से आगे इनके ट्रकों में लदान को लेकर भी बात चल रही है। एक ट्रक के लिए 2 लाख रुपए तक किराया लग जाता था। अब किन्नू आधे किराए में ही बांग्लादेश तक पहुंच जाएगा यानी लागत घटेगी।

■ इस बार जिले में किन्नू का उत्पादन डेढ़ लाख मीट्रिक टन है जो पिछले साल के मुकाबले आधा ही है ऐसे में भाव तो पिछले साल के मुकाबले चार गुणा रहेंगे, लेकिन किन्नू के ताजा रहते विदेश पहुंच जाने से संभावनाएं बढ़ गई हैं तथा अच्छा मुनाफा होने की उम्मीद है।

इस बार जिले में किन्नू का उत्पादन करीब डेढ़ लाख मीट्रिक टन है, जो पिछले साल के मुकाबले आधा ही है। ऐसे में भाव तो पिछले साल के मुकाबले चार गुणा रहेंगे, लेकिन किन्नू के ताजा रहते इसके विदेश पहुंचने की संभावनाएं बढ़ गई हैं और मुनाफा भी अच्छा होने की उम्मीद है। इस बार जिले में दस हजार हैक्टेयर में किन्नू के बाग लगे हैं। इन सभी बाग मालिकों को किन्नू के विदेश में व्यापार और कम लागत में बांग्लादेश तक पहुंचने से लाभ की उम्मीद है। रीको स्थित किन्नू वैक्सिंग प्लांट्स पर हर दिन सैकड़ों क्विंटल किन्नू तैयार किए जा रहे हैं। किन्नू को क्वालिटी वाइज मशीनों से छंटाई करवाकर डिब्बों में पैकेजिंग करवाई जा रही है जहां से इसे बांग्लादेश रवाना किया जाएगा। इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सैक्रेट्री सुनील अग्रवाल बताते हैं कि किन्नू के व्यापार में संभावनाओं को देखते हुए रेलवे ने विशेष ट्रेन की अनुमति दी है। ट्रेन 30 तारीख को रवाना होगी। शहर के प्रमुख किन्नू व्यापारी इस संबंध में पिछले लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। जैडआरयूसीसी (रेल रोड यात्रि सलाहकार समिति) सदस्य भीम शर्मा के प्रयास से इसमें सफलता मिली। शर्मा ने इस संबंध में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के उच्च अधिकारियों के सामने बात रखी थी।

इस पर किन्नू कूब के अधिकारियों और इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ डीआरएम की बैठक हुई। इसमें ट्रांसपोर्टेशन से जुड़े कई मुद्दों पर विचार हुआ।

इस संबंध में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को अवगत करवाने पर उन्होंने तथा स्थानीय सांसद निहालचंद ने विदेश मंत्री से बात की। स्थानीय व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयास से आखिर ट्रेन को स्वीकृति मिली।

### अमेठी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुनावी अभियान की शुरुआत जनजागरण पद यात्रा से करेंगे और उसका समापन दोपहर दो बजे एक नुक्कड़ सभा के साथ होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को चेतावनी दी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन्ना की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की एक बैंच ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा गठित द्विक्षसदस्यीय पैगसस जाँच आयोग के कामकाज तथा सभी कार्यवाहियों पर शुक्रवार को "स्टे" लगा दिया।

इस जाँच आयोग के अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मदन बी. लोकुर बनाये गये थे। यह "स्टे" दिल्ली के वकील मनोहर लाल शर्मा द्वारा दायर की गई एक पी.आई.एल. पर दिया गया है।

■ सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही करने की चेतावनी दी, अगर पैगसस प्रकरण की जाँच के लिये गठन कमीशन को भंग नहीं किया।

यह आदेश एक अवमानना-याचिका पर आया है जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के 27 अक्टूबर के फैसले के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। इस फैसले में, सर्वोच्च न्यायालय के एक अन्य पूर्व जज न्यायमूर्ति आर.वी. रवीन्द्रन की अध्यक्षता में बनाई जाने वाली तीन सदस्यों की एक विशेषज्ञ-समिति से निगरानी घोटाला (सर्विलेन्स स्कैम) की जाँच कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा स्थापित किये गये इस जाँच आयोग में, न्यायमूर्ति लोकुर के अलावा, कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ज्योतिर्मय भट्टाचार्य भी एक अन्य सदस्य के रूप में शामिल थे। पश्चिम बंगाल सरकार ने इस आयोग का गठन कर दिया था, जबकि सर्वोच्च न्यायालय में निगरानी की जाँच की माँग करने वाली कई याचिकाओं की सुनवाई चल रही थी। ज्ञातव्य है कि यह "निगरानी" इजरायली स्पाई फर्म एन.एस.ओ. के पैगसस सॉफ्टवेयर के जरिये कराई गई थी। भारत के वकीलों, पत्रकारों, सरकारी अधिकारियों तथा संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की निगरानी के लिये उक्त पैगसस सॉफ्टवेयर का दुरुपयोग किया जा रहा था।

# राजे अब भरतपुर, दौसा में शक्ति प्रदर्शन करेंगी

## अमित शाह की नाराजगी के बाद भी वसुंधरा राजे शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं

जयपुर, 17 दिसम्बर (का.सं.)। राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वसुंधरा राजे पिछले दिनों शोक संवेदना के नाम पर मेवाड़ में यात्रा कर शक्ति प्रदर्शन कर चुकी हैं और वे अब भरतपुर संभाग में शोक संवेदना के नाम पर शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही हैं।

बताया जाता है कि 5 दिसंबर को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक में व जनप्रतिनिधि सम्मेलन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की कड़ी फटकार के बाद भी वसुंधरा राजे शक्ति प्रदर्शन करने से बाज नहीं आ रही हैं।

अमित शाह ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा था कि संगठन से ऊपर कोई नहीं है, संगठन सर्वोपरि है, जो संगठन के साथ चलता है, उसका सूर्य कभी अस्त नहीं होता।

अमित शाह ने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि 2023 का राजस्थान विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व कमल के फूल पर होगा, यानि स्पष्ट है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा कोई नहीं होगा सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा और विधानसभा चुनाव के बाद केंद्रीय संसदीय बोर्ड द्वारा मुख्यमंत्री का चेहरा तय किया जाएगा।

पिछले दिनों में मेवाड़ में वसुंधरा पार्टी के उन दिवंगत नेताओं को शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंची थी जिनका निधन डेढ़ 2 साल पहले करोनाकाल के दौरान हो गया था, अब उसी की तर्ज पर वे भरतपुर और दौसा में कल 18 दिसंबर को लगभग डेढ़ 2 साल पहले और सात 8 महीने पहले दिवंगत हो चुके नेताओं के निवास स्थानों पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगी। सियासी गलियारों में चर्चा है कि वसुंधरा का इतने लंबे समय बाद शोक संवेदना व्यक्त करना तो एक बहाना है, वसुंधरा का असली असली मकसद शोक संवेदना के नाम पर शक्ति प्रदर्शन कर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव बनाना है, लेकिन पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व दबाव में आने को बिल्कुल तैयार नहीं है, और वह मौजूदा प्रदेश नेतृत्व को मजबूत करने और आगे बढ़ाने का पूरी तरह मन बना चुका है।

■ शोक संवेदना व्यक्त करने के नाम पर राजे इन दिनों राजस्थान में जगह-जगह शक्ति प्रदर्शन कर रही हैं।

■ हाल ही में उन्होंने मेवाड़ अंचल में भी शक्ति प्रदर्शन किया था।

वसुंधरा पिछले 2 सालों से प्रदेश में पार्टी के कार्यक्रमों से पूरी तरह दूरी बनाए हुए हैं, ज्यादातर मीटिंगों से दूर रहती हैं और पार्टी द्वारा स्टार प्रचारक बनाए जाने के बाद भी उपचुनावों में भी चुनाव प्रचार से दूर रही। वसुंधरा के दौरे को लेकर पूरी कमान पूर्व मंत्री यूनुस खान और पूर्व विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी के हाथ में है, और यह दोनों नेता पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों पर दबाव बनाकर वसुंधरा राजे के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पिछले कई दिनों से कह रहे हैं। इनके साथ विधायक कालीचरण सराफ भी भरतपुर दौरे पर हैं जो वसुंधरा राजे के कार्यक्रम की तैयारियों में लगे हुए हैं। वसुंधरा के मेवाड़ दौरे से लेकर और अब भरतपुर संभाग के दौरे की तैयारियों में यूनुस खान और अशोक परनामी की मुख्य भूमिका सामने आ रही है। मेवाड़ दौरे पर विधायक अशोक लाहोटी भी साथ थे । वहीं वसुंधरा के भरतपुर दौरे को लेकर जो जानकारी मिली है उसमें जिला स्तर पर पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली, कामां से भाजपा के प्रत्याशी रहे जवाहर सिंह बेडम प्रमुख तौर पर सक्रिय होकर स्वागत कार्यक्रमों की तैयारियों में लगे हुए हैं, और लगभग 2 दिन पहले प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा इन सभी नेताओं से भरतपुर में गुप्त बैठकें कर वसुंधरा राजे के कार्यक्रमों की रूपरेखा में मुख्य भूमिका निभा चुके हैं, लेकिन यह जानकारी भी मिल रही है कि भजनलाल शर्मा वसुंधरा के कार्यक्रमों से तो दूर रहेंगे लेकिन पर्दे के पीछे से पूरी भूमिका निभा रहे हैं। संगठन की नजरों में वे पाक साफ बनने की कई बार कोशिश कर चुके हैं।

सूत्रों की माने तो पिछले साल 8 मार्च को वसुंधरा राजे के भरतपुर में जन्मदिन की तैयारियों में कई दिन पहले भजन लाल शर्मा ने कार्यक्रमों की रूपरेखा में मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन जन्मदिन से एन वक्त पर पश्चिम बंगाल चुनावों में चले गए थे।

यूनुस खान, अशोक परनामी, रामस्वरूप कोली, बहादुर सिंह कोली इत्यादि पिछले कई दिनों से भरतपुर जिले में मंडल और बूथ के पदाधिकारियों पर भी वसुंधरा के स्वागत कार्यक्रम में आने का भी दबाव बना रहे हैं। यूनुस खान और अशोक परनामी दौसा जिले में भी वसुंधरा के स्वागत कार्यक्रम में आने के लिए स्थानीय पदाधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं, इसमें दौसा जिला अध्यक्ष रतन तिवारी की भूमिका भी पर्दे के पीछे से सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वसुंधरा को मेवाड़ यात्रा को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिखित में कड़ी फटकार मिल चुकी है, अब भरतपुर और दौसा के शक्ति प्रदर्शनों को लेकर भी केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व पूरी तरह नजर जमाए हुए है।

# भूटान ने भी मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया

## प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने वाला भूटान नवां देश है

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान, अमेरिका और सऊदी अरब सहित नौ देश सर्वोच्च नागरिक अलंकरण से विभूषित कर चुके हैं। भूटान नौवां देश है जिसने मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक अलंकरण 'नगदग पेल जी खोरलो' से सम्मानित करने की घोषणा की है। इससे पहले मोदी को आठ देश तथा पांच अंतरराष्ट्रीय संगठन अपने सर्वोच्च अलंकरणों से सम्मानित कर चुके हैं। मोदी को सबसे पहले सऊदी अरब ने 2016 में अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बादशाह अब्दुल अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री को अफगानिस्तान ने 2016 में ही 'अमीर अमानुल्लाह खान सम्मान' से नवाजा। मोदी को फिलिस्तीन ने 2018 में अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कॉलर आफ द स्टेट आफ फ़िलिस्तीन' से विभूषित किया। उसके अगले साल संयुक्त अरब अमीरात ने मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक खिताब 'आर्डर ऑफ जायद' सम्मान से नवाजा। मोदी को रूस ने 2019 में ही 'सेंट एंड्रयू' सम्मान और मालदीव ने 'रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन' तथा बहरीन ने 'ऑर्डर ऑफ़ द रेनेसां' सम्मान से विभूषित किया।

■ भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, 'नगदग पेल जी खोरलो' से सम्मानित करने की घोषणा की।

# बांग्लादेश में पुनरूद्धारित काली मंदिर जनता को समर्पित

ढाका 17 दिसम्बर (वार्ता)। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद शुक्रवार को अपने तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन यहां रमना काली मंदिर पहुंचे और उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार हिस्से का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति कोविंद के साथ केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार भी थे। रमना काली मंदिर समिति के अध्यक्ष उत्पल सरकार ने कहा कोविंद ने राजधानी ढ ाका में सबसे पुराने मंदिर को दौरा किया और वहां पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति कोविंद मंदिर में 15 मिनट तक रहे, जहां उन्होंने भारत सरकार के अनुदान से मंदिर के जीर्णोद्धार हिस्से का उद्घाटन किया। बाद में मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि 27 मार्च 1971 में यहां इस स्थान पर नरसंहार हुआ था। रमना मंदिर को पाकिस्तानी अत्याचारियों ने नष्ट किया था। भारत सरकार की ओर से सात करोड़ रुपये के अनुदान से मंदिर के हिस्से का जीर्णोद्धार किया गया है। मंदिर और मुख्य मंदिर का भी पुनर्निर्माण किया गया है।

राष्ट्रपति कोविंद बांग्लादेश की स्वतंत्रता के स्वर्ण जयंती समारोह और मुजीब वर्ष के समापन समारोह में भाग लेने के लिए अपनी पत्नी और पुत्री के साथ तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर बुधवार सुबह ढ ाका पहुंचे। स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को पहले दिन हवाई अड्डे पर उतरने के बाद सावर में राष्ट्रीय स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। सावर से लौटकर उन्होंने धनमंडी नंबर 32 पर बंगबंधु की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की और स्मारक संग्रहालय का दौरा किया। कल सुबह राष्ट्रपति कोविंद ने शेर-ए-बांग्ला नगर स्थित नेशनल परेड ग्राउंड में विजय दिवस परेड में हिस्सा लिया था। उन्होंने दोपहर में जातीय संघ के साउथ प्लाजा में स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती और बंगबंधु के जन्म शताब्दी समारोह में भी हिस्सा लिया।

■ राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन रमना काली मंदिर के जीर्णोद्धार हिस्से का उद्घाटन किया।

# स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर रोक

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश स्थानीय निकायों के चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित सीटों को 'सामान्य' श्रेणी में तब्दील करने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की पीठ ने आरक्षण के लिए जरूरी प्रक्रियाओं यानी तीन स्तरों पर परीक्षण किये बिना ओबीसी के लिए आरक्षण की व्यवस्था लागू करने को कानून के खिलाफ बताते हुए रोक लगायी। शीर्ष न्यायालय ने ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित सीटों को सामान्य श्रेणी की तब्दील करने लिए राज्य चुनाव आयोग पुन: अधिसूचना जारी और चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ ाये। अदालत ने स्थानीय निकायों में ओबीसी सीटों के आरक्षण के मद्देनजर मध्य प्रदेश राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी चार दिसंबर, 2021 की चुनाव अधिसूचना पर रोक की एक याचिका पर सुनवायी के बाद यह आदेश दिया। पीठ ने मध्य प्रदेश सरकार और राज्य चुनाव आयोग को संविधान के मुताबिक ग्राम पंचायत एवं नगर निगमों के चुनाव कराने का दिया।

# एमेज़ॉन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली,17 दिसंबर। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने फ्यूचर समूह की कंपनी फ्यूचर कूपन्स प्राइवेट लि. में हिस्सेदारी खरीदने के लिए ई-वाणिज्य क्षेत्र की कंपनी एमेज़ॉन के सौदे को दो वर्ष पहले दी गई मंजूरी को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। आयोग ने कुछ प्रावधानों का उल्लंघन होने के कारण एमेज़ॉन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया। एमेज़ॉन और फ्यूचर ग्रुप के बीच चल रहे कानूनी विवाद के बीच घरेलू कंपनी ने प्रतिस्पर्धा आयोग के समक्ष ई-वाणिज्य कंपनी के खिलाफ शिकायत की थी। दरअसल फ्यूचर समूह के रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) के साथ प्रस्तावित 24,713 करोड़ रूपये के समझौते के बाद दोनों कंपनियों के बीच कानूनी लड़ाई छिड़ गई और इसी की पृष्ठभूमि में फ्यूचर समूह ने सीसीआई के समक्ष शिकायत की थी। आयोग ने 57 पन्नों के आदेश में कहा कि उक्त मंजूरी "कुछ समय के लिए स्थगित रहेगी। कुछ उल्लंघनों का हवाला देते हुए सीसीआई ने कहा कि इनके पीछे एमेज़ॉन द्वारा समझौते के उद्देश्य और इसकी वास्तविक क्षमता को दबाने के लिए जानबूझकर किए गए प्रयास थे। इसके साथ ही आयोग ने अमेजन पर दो करोड़ रूपये का जुर्माना लगा दिया। इसके अलावा सौदे की आवश्यक शर्तों के बारे में जानकारी देने में विफल रहने पर अतिरिक्त 200 करोड़ रूपये का जुर्माना भी लगाया गया। एमेज़ॉन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, "भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के आदेश की हम विवेचना कर रहे हैं और इसके बाद आगे के कदमों के बारे में कोई निर्णय लेंगे। सीसीआई ने फ्यूचर कूपन्स में 49 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए एमेज़ॉन के सौदे को नवंबर 2019 में मंजूरी दी थी। नवंबर 2019 में सौदे को मंजूरी देते हुए सीसीआई ने यह भी कहा था कि अधिग्रहणकर्ता द्वारा दी गई जानकारी यदि गलत पाई जाती है तो आदेश को रद्द मान लिया जाएगा।

■ सी.सी.आई. ने एमेज़ॉन के सौदे को निलंबित कर करोड़ों का जुर्माना लगाया।

उच्चतम न्यायालय ने 29 नवंबर को एमेज़ॉन को सीसीआई के समक्ष पेश होकर अपनी दलीलें रखने के लिए दो सप्ताह का वक्त और दे दिया था।

प्रतिस्पर्धा आयोग ने फ्यूचर ग्रुप की कंपनी फ्यूचर कूपंस प्राइवेट लिमिटेड (एफसीपीएल) के साथ निवेश सौदे के लिए अमेजन को दी गई मंजूरी वापस लेने से संबंधित मामले में सुनवाई स्थगित करने से इनकार कर दिया था। अमेजन और फ्यूचर ग्रुप के बीच फ्यूचर रिटेल की संभावित बिक्री को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है।

रिलायंस रिटेल के हाथों फ्यूचर रिटेल के 24,713 करोड़ रुपये के अधिग्रहण सौदे का अमेजन यह कहते हुए विरोध कर रही है।

# 'भड़काऊ भाषण देने वालों के खिलाफ कार्यवाही हो'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह तीन महीने के अन्दर उस याचिका पर अपना निर्णय दे, जिसमें केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर सहित, भाजपा के उन चार नेताओं के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने की अनुमति मांगी है, जिनके कथित नफरत भरे भाषणों (हेट स्पीच) के फलस्वरुप दिल्ली में 2020 के दंगे हुये थे। तीन अन्य नेता हैं- भाजपा सांसद कपिल मिश्रा, प्रवेश वर्मा तथा अभय वर्मा। यह याचिका उस हिंसा के शिकार हुये तीन लोगों ने दायर की है, जिस हिंसा ने गत वर्ष राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों को निगल लिया था। इन तीन लोगों ने इन भाजपा नेताओं के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराने, तथा उनके कथित घृणा एवं द्वेष भरे भाषणों की जांच के लिये एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित किये जाने की मांग की है। न्यायमूर्ति एल.नागेश्वर राव तथा भूषण आर. गवई की बैंच ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह इस प्रकरण की सुनवाई जल्दी ही, तीन महीनों के अंदर ही करे। हिंसा-पीड़ितों का कहना था कि उच्च न्यायालय "कार्यवाही में विलम्ब" कर रहा है।

■ सुप्रीम कोर्ट ने भड़काऊ भाषण देने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्यवाही के लिये तीन माह का समय दिया दिल्ली हाई कोर्ट को।

# कोवोवैक्स को डब्ल्यु.एच.ओ. की मंजूरी

नई दिल्ली 17 दिसंबर (वार्ता)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यु.एच.ओ.) ने कोविड के मरीजों के इलाज के लिये भारत में निर्मित एक और टीके 'कोवोवैक्स' को मंजूरी दी है।

डब्ल्यु.एच.ओ. ने इससे पहले भारत में निर्मित दो कोविड टीके कोविशील्ड और कोवैक्सिन को कोविड इलाज में प्रयोग करने की मंजूरी दी है। डब्ल्यु.एच.ओ. ने शुक्रवार को बताया कि पुणे के सीरम इंस्टीटयूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित कोवोवैक्स के आपात प्रयोग की मंजूरी दी।

# राजघराने में आपसी समझौते के बाद जयमहल पैलेस देवराज...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लड़ी। लम्बी कानूनी लड़ाई में न्यायालयों के अधिकांश निर्णय देवराज सिंह और लालित्य कुमारी के पक्ष में गए।

देवराज सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में जयमहल पैलेस के मालिकाना हक के मामले में स्वर्गीय पृथ्वीराज, जयसिंह और पृथ्वीराज के एकमात्र पुत्र विजित सिंह पर दावा ठोक रखा था। देवराज और लालित्य कुमारी ने सुप्रीम कोर्ट में अपने दावे में कहा था कि 1997 में जगत सिंह के निधन के बाद जयसिंह, पृथ्वीराज और उनके पुत्र ने गलत तरीके से जयमहल पर कब्जा कर रखा है।

उन्होंने दावा किया कि जयमहल का स्वामित्व सिर्फ उनके पिता जगतसिंह के पास था, जिसे उन्होंने एक कंपनी बनाकर होटल में परिवर्तित कर दिया था। होटल की हिस्सेदारी में अधिकांश शेयर जगतसिंह के पास थे। बहुत ही मामूली शेयर संचालक के रूप में पृथ्वीराज को दे रखे थे। लेकिन पृथ्वीराज ने समय-समय पर अपने शेयर में गलत ढंग से वृद्धि कर ली।

जगत सिंह के निधन के बाद कानूनी लड़ाई में पुत्र और पुत्री ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए पैतृक सम्पत्ति में अपनी हिस्सेदारी माँगी।

लम्बी कानूनी लड़ाई जिला स्तर के न्यायालय से लेकर कंपनी लॉ बोर्ड और उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुँची। अन्ततः सुप्रीम कोर्ट ने राजपरिवार के सदस्यों को सलाह दी कि इस पूरे जटिल मामले को आपसी समझौते से निपटा ले तो श्रेयस्कर होगा। इसके बाद सभी पक्षों ने इस विषय पर गहन मन्त्रणा कर समझौते को स्वीकृति दी और सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया। सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप करते हुए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश कुरियन जोसफ को मध्यस्थ बनाया। पूर्व न्यायाधीश कुरियन जोसफ के सतत प्रयासों के बाद सभी पक्षों ने पूरे मसले का हल निकालने के लिए बैठकें की।

इसके बाद 15 दिसम्बर, 2021 को देवराज सिंह और लालित्य कुमारी के सौतेले ताऊ जयसिंह तथा स्वर्गीय पृथ्वीराज के पुत्र विजित सिंह ने जयमहल पैलेस को पूर्व न्यायाधीश जोसफ के समक्ष सौंपने की स्वीकृति दे दी।

इस समझौते पर सभी पक्षों के हस्ताक्षरों के बाद पूर्व न्यायाधीश जोसफ ने अपनी रिपोर्ट और टिप्पणी के साथ दस्तावेज सुप्रीम कोर्ट में पेश कर दिए, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर जयमहल पैलेस का स्वामित्व देवराज सिंह और लालित्य कुमारी को सौंपने के आदेश जारी किए।

देवराज सिंह और लालित्य कुमारी की ओर से दिल्ली की एक विधि परामर्शदाता कंपनी प्राइम लीगल इंडिया एल.एल.पी. के अभिषेक कुमार राव वकील थे। जयसिंह, पृथ्वीराज और विजित सिंह की ओर से संजीब सेन ने पैरवी की।

वकील अभिषेक राव ने कहा कि इतने लम्बे से चल रहा कानूनी मसला आपसी सद्भाव और विश्वास के कारण सुलट गया। लेकिन इस विवाद से निपटारे के लिए पूर्व न्यायाधीश जोसफ की विद्वता और उनके प्रति सभी के विश्वास को सर्वाधिक श्रेय जाता है।

अभिषेक राव ने स्वर्गीय जगत सिंह की पूर्व पत्नी प्रियनन्दना द्वारा अपनी संतानों को उन्हें पैतृक सम्पत्ति में अधिकार दिलाने के लिए किए गए संघर्ष की प्रशंसा की।

समझौते के दौरान जब हस्ताक्षर हुए उस समय पूर्व न्यायाधीश कुरियन जोसफ, जयसिंह, देवराज सिंह, जयसिंह के पुत्र अजय सिंह, पृथ्वीराज के पुत्र विजित सिंह और ठाकुर हरीसिंह और ठाकुर प्रताप सिंह मौजूद थे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश की मूल प्रति प्राप्त होने के बाद दोनों पक्ष जयमहल पैलेस की सम्पत्ति संबंधी कार्य हाथ में लेंगे। समझौते में कई शर्तों के बाद इसकी सूचना जयमहल पैलेस का संचालन कर रही टाटा की इण्डियन होटल्स लिमिटेड को दी जाएगी।

आरम्भ से ही मैनेजमैन्ट कांट्रेक्ट के तहत टाटा की कंपनी जयमहल पैलेस का संचालन कर रही है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

MARUTI SUZUKI ARENA

YEAR END OFFERS

# दिसंबर मेगा महाबचत ऑफ़र.

इस दिसंबर, ख़रीदें अपनी पसंदीदा मारुति सुज़ुकी एरीना कार और पाएँ शानदार महाबचत का मौक़ा.




बड़ी बचत

WAGONR ₹33 500*
DZIRE ₹23 500*
ALTO ₹48 500*
SWIFT ₹28 500*
S-PRESSO ₹33 500*
CELERIO ₹15 001*
VITARA BREZZA ₹28 500*

ऑफ़र सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।

WAGONR ALTO S-PRESSO VITARA BREZZA DZIRE SWIFT CELERIO

**E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: ankit.syal@maruti.co.in**

**AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT LTD:** JAIPUR-AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: CALL: 9887851795. LALSOT: CALL: 9460654936. BANDIKUI: CALL: 9887456970. MAHWA: CALL: 9950780018. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9782445691. UNIARA: CALL: 9785791929. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: CALL: 8058794167 / 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058794032. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058794168. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794341. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. **AJMER: RELAN MOTORS**: CALL: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. **AURIC MOTORS**: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: CALL: 0154-2466225, 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: CALL: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: CALL: 8955664400. **CHURU: AURIC MOTORS:** CALL: 01562-250696, 8875010502. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 7412092350. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. BHINMAL: CALL: 02969-222438, 9680059999. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 0291- 2630478 / 79 / 80, 8094011151. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: CALL: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** CALL: 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** CALL: 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS**: GOVARDHAN VILLAS: CALL: 0294-2485158, 2485738, 9982666809, 9460402878. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: CALL: 9413316092, 9413316399.

*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on WagonR (Petrol & AGS- all variants), Alto (Petrol- all variants except STD), S.Presso (Petrol & AGS- all variants), Vitara Brezza (all variants), Dzire (Petrol & AGS- all variants), Swift (Petrol & AGS- all variants), Celerio (Petrol- all variants). *Terms & Conditions apply. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 31st December 2021 or till stocks last, whichever is earlier.